हरियाणा विधान सभा
की
कार्यवाही

06 मार्च, 2017

खण्ड–1, अंक–7

अधिकृत विवरण

विषय सूची

सोमवार, 6 मार्च, 2017

	पृष्ठ संख्या
शोक प्रस्ताव	3
सांसद तथा वित्त मंत्री, हरियाणा के सम्बन्धियों का अभिनंदन	3
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	3
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फिरोजपुर कलां, जिला फरीदाबाद के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों का अभिनंदन	21
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)	21
नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	37
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	40
मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा	57
वर्ष 2017–2018 के लिए बजट अनुमान प्रस्तुत करना	58

हरियाणा विधान सभा

सोमवार, 6 मार्च, 2017

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 11.00 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री कंवर पाल) ने अध्यक्षता की।

शोक–प्रस्ताव

11:00 बजे

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय मुख्यमंत्री जी शोक–प्रस्ताव रखेंगे।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : स्पीकर सर, यह सदन नायक दिनेश कुमार, गांव जाडरा, जिला रेवाड़ी के पहली मार्च, 2017 को हुए दुःखद एवं असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है तथा शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

यह सदन परिवहन मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार की चाची श्रीमती चन्द्रो देवी के 04 मार्च, 2017 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है तथा शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, माननीय मुख्यमंत्री जी ने अभी जो शोक–प्रस्ताव सदन में रखा है मैं भी अपने आपको उनके साथ जोड़ते हुए अपनी संवेदनायें प्रकट करता हूं तथा मैं इस सदन की भावनायें शोक–संतप्त परिवारों तक पहुंचा दूंगा ।

अब मैं सभी सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए खड़े होकर दो मिनट के लिए मौन धारण करें।

(इस समय सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया ।)

.....

सांसद तथा वित्त मंत्री, हरियाणा के सम्बधियों का अभिनन्दन

शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा) : स्पीकर सर, आज स्पीकर गैलरी में भारतीय जनता पार्टी के अम्बाला लोक सभा क्षेत्र से सांसद श्री रतन लाल कटारिया जी एवं हमारे वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु जी, जो आज बजट प्रस्तुत करेंगे, उनकी धर्मपत्नी डॉ. श्रीमती अंकिता व भाई मेजर सत्यपाल सदन की कार्यवाही देखने के लिए वी. ई. पी. गैलरी में मौजूद हैं। मैं पूरे सदन की तरफ से उनका यहां आने के लिए हार्दिक अभिनंदन करता हूं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब प्रश्न काल शुरू होता है।

To Grant Pension to the Widower

***1939.Sh Ravinder Machhrouli.** : Will the Social Justice & Empowerment Minister be pleased to state whether there is any

proposal under consideration of the Government to grant pension to the widower on the pattern of widow pension togetherwith the details thereof ?

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : जी नहीं, श्रीमान्

श्री रवीन्द्र मछरौली : स्पीकर सर, मुख्यमंत्री जी ने तो साफ शब्दों में कह दिया है कि नहीं पैंशन होगी और सरकार द्वारा इस बारे में न ही कोई विचार किया जा रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि ताऊ देवी लाल जी ने बुजुर्गों की पैंशन 100/– रूपये प्रति माह शुरू की थी से वह चाहे भविष्य में बढ़कर 5000/– रूपये प्रति महीना हो जाए लेकिन बुजुर्ग सदा ही यह कहेंगे कि ताउ देवी लाल जी ने यह पैंशन शुरू की थी। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि आज अगर हमारी सरकार यह काम करती है अर्थात विधवा महिलाओं की तरह विधुर की पैंशन लागू करती है तो हमारी सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला होगा और लोगों द्वारा इसे सदा याद रखा जायेगा। यह एक प्रकार से विधुर वर्ग के साथ बड़ा भेदभाव हो रहा है क्योंकि अगर कोई महिला विधवा हो जाती है तो वह अपने बच्चों का पालन–पोषण करती है ठीक उसी प्रकार से ही जिस पुरूष की पत्नी की मृत्यु हो जाती है और वह विधुर हो जाता है तो उसको भी अपने बच्चों का पालन–पोषण करना पड़ता है। इसलिए मैं सरकार और विशेषकर माननीय मुख्यमंत्री जी से पुरजोर अनुरोध करता हूं कि वे इस मामले में सहानुभूतिपूर्वक और गम्भीरतापूर्वक विचार करके विधुर पैंशन हर हाल में शुरू करें। यह एक बहुत अच्छी और सार्थक पहल होगी जिसका समाज के विधुर वर्ग में बहुत ही अच्छा मैसेज जायेगा। मैं यहां यह बात भी स्पष्ट कर देना उचित समझता हूं कि माननीय मुख्यमंत्री जी को स्वयं को इस प्रकार की पैंशन से किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नही है। इसलिए अगर वे यह फैसला कर देते हैं तो वे विधुर लोगों के दिलों में सदा–सदा के लिए विराजमान हो जायेंगे। लोग उनके सदियों तक गुण गायेंगे।

श्री मनोहर लाल : स्पीकर सर, सरकार का यह विचार बन रहा है कि हम अगले वित्तीय वर्ष से विधुर व्यक्तियों के लिए पैंशन की शुरूआत विधवा महिलाओं के पैटर्न पर कर देंगे।

श्री रवीन्द्र मछरौली : स्पीकर सर, मुख्यमंत्री जी ने यह काम अपने लिए न करके पूरे प्रदेश के विधुर वर्गों के लिए किया है। मैं पूरे प्रदेश, पूरे विधुर वर्ग और अपनी तरफ से उनका उनकी इस दरियादिली के लिए हार्दिक धन्यवाद करता हूं। विधुर

वर्ग के लोग उनके नाम को सदा याद रखेंगे कि श्री मनोहर लाल जी ने हरियाणा प्रदेश में उनकी पैंशन शुरू की थी। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का बार–बार धन्यवाद।

———

Mahila Police Stations in Haryana

***1960 Smt Geeta Bhukkal. :** Will the Chief Minister be pleased to state:-

(a) the number of Mahila Police Stations set up in the state till to date;

(b) the sanctioned strength of women staff for a Mahila Police Station togetherwith staff deployed in each Mahila Police Station;

(c) the difference in the functioning of Mahila Police Stations and other police stations;

(d) the Police Station wise case registered, solved and challans, produced in the courts?

शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा) : श्रीमान जी, वांछित सूचना सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

सूचना

(क) राज्य में अब तक 22 महिला पुलिस थाने स्थापित किये जा चुके हैं।

(ख) एक महिला पुलिस थाना के लिए महिला पुलिस कर्मचारियों की स्वीकृति संख्या व प्रत्येक महिला पुलिस थाना में नियुक्त महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या निन्न प्रकार से हैः–

क्रम संख्या	जिला	स्वीकृत बल	तेनात बळ
1	पंचकुला	64	22
2	अम्बाला	64	39
3	यमुनानगर	79	37
4	कुरुक्षेत्र	79	25
5	कैथल	64	32
6	करनाल	97	31
7	पानीपत	79	26
8	जींद	64	64
9	हिसार	97	39
10	फतेहाबाद	64	27
11	सिरसा	64	29

12	**गुरुग्राम**	99	36
13	**फरीदाबाद**	99	47
14	**पलवल**	79	29
15	**मेवात**	64	12
16	**रेवाड़ी**	79	30
17	**नारनौल**	64	22
18	**रोहतक**	97	56
19	**झज्जर**	64	49
20	**भिवानी**	79	14
21	**सोनीपत**	79	26
22	**खान पुर सोनीपत**	22	9
कुल	**1640**	**701**	

ग) महिला पुलिस थाना व अन्य थाना की कार्यषाली में अन्तर :–

1. एक महिला पुलिस थानों का कार्यक्षेत्र हरियाणा सरकार के निर्देष संख्या एस. ओ140/1974/एस.2/2012, एस.ओ141/1974/एस.2/2012, एस. ओ142/1974/एस.2/2012, अनुसार पूर्ण जिले के तौर पर निर्देषित किया गया है जबकि अन्य पुलिस थानों का जिला में सीमित कार्यक्षेत्र होता है।
2. महिला पुलिस थानों में पूर्ण रूप से महिला पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाती है व उनकी सहायता व अन्य सेवाओ के लिए सीमित संख्या में पुरूष कर्मचारियों को तैनात किया जाता है।
3. महिलाओं के विरूद्ध घटने वाले अपराधों व शिकायतों का निपटारा महिला पुलिस जांच अधिकारी द्वारा किया जाता है जो कि संवेदनषील एवं करूणा पूर्वक व्यवहार करने में प्रशिक्षित है। महिला पुलिस थानों की स्थापना महिलाओं को अनूकुल वातावरण एवमं जाच अधिकारियों का इस बात के लिए प्रशिक्षित किया गया है कि वे पीडित महिला को प्रोत्साहन दें ताकि वह अपनी शिकायत दे और शिकायत का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें।
4. जिलों में महिलाओं की सहायता के लिए एक चार अंकीय महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 सक्रिय है जो शिकायत दर्ज करने और पीडिता को अपनी शिकायत के निपटारे के लिए पुलिस की सहायता हेतू सुझाव देने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।
5. सभी महिला पुलिस थानों में घरेलू उत्पीडन, पारिवारिक विवाद, दहेज की मांग आदि से सम्बन्धित शिकायतों के निपटारे के लिए एक परामर्श केन्द्र स्थापित किया गया है। दिनांक 01.01.2016 से 31.12.2016 तक कुल 36,086

शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिन में से 33,043 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

6. महिलाओं और बच्चों के लिए जिला स्तरीय विशेष सैल प्रत्येक महिला पुलिस थाना में स्थापित की गई है। इस सैल में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से एक महिला अधिकारी को घरेलू हिंसा महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 व बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के तहत निषेध–एवं–संरक्षण तथा बाल विवाह रोकथाम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

7. प्रत्येक महिला पुलिस थानों में उत्पीडन का सामना करने वाली पीडिता के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता व सलाह हेतू हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक महिला अधिवक्ता को नियुक्त किया गया है ।

8. सभी महिला पुलिस थाना में छेडछाड सम्बन्धी घटनाओं पर रोक लगाने हेतू छेडछाड विरोधी स्टाफ का गठन किया गया है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए इनकी तैनाती स्कूल, कालेज, सिनेमा हाल, टयूशन/कोचिग केन्द्रों, बाजारों, शापिंग माल आदि जगहों पर की जा रही है।

(घ) महिला पुलिस थानों में पंजीकृत मुकदमों की संख्या, हल किये गये मुकदमों की संख्या व न्यायालय में भेजे गये मुकदमों की संख्या, निम्न प्रकार से हैः–

दिनांक 28.08.2015 से 15.02.2017 तक महिला पुलिस थानों में पंजीकृत मामलों की संख्या, निपटारा एवं अदालत में भेजे गए मुकदमों की संख्या ।

क्रम संख्या	जिला	मामले पंजीकृत	मामलो का निपटारा	अदालत में भेजे गए मुकदमों की संख्या
1	पंचकुला	100	76	56
2	अम्बाला	230	177	137
3	यमुनानगर	148	125	84
4	कुरुक्षेत्र	71	62	37
5	कैथल	137	128	92
6	करनाल	220	192	124
7	पानीपत	99	88	47
8	जींद	129	117	92
9	हिसार	131	106	72
10	फतेहाबाद	172	163	113
11	सिरसा	74	64	47
12	गुरुग्राम	348	251	193

13	**फरीदाबाद**	265	204	171
14	**पलवल**	203	177	106
15	**मेवात**	128	102	57
16	**रेवाड़ी**	154	130	112
17	**नारनौल**	137	124	59
18	**रोहतक**	124	108	69
19	**झज्जर**	209	186	133
20	**भिवानी**	199	181	143
21	**सोनीपत**	205	188	145
कुल	**3483**	**2949**	**2089**	

अध्यक्ष महोदय, आदरणीय बहन गीता भुक्कल जी ने पूछा है कि प्रदेश में महिला पुलिस थानों की संख्या कितनी है इस बारे में मैं उनको बताना चाहूंगा कि प्रदेश में 22 महिला पुलिस थाने हैं । सोनीपत में 2 हैं और दादरी में अभी तक नहीं खोला गया है । हर जिला मुख्यालय पर महिला पुलिस थाने खोले गये हैं । सितम्बर, 2016 में प्रदेश में पहली बार महिला पुलिस थानों की स्थापना की गई थी । हरियाणा को बने 50 वर्ष हो गये हैं और हम हरियाणा की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं तथा पहली बार हमारी सरकार ने माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में हर जिला मुख्यालय पर महिला पुलिस थानों की स्थापना की है ।

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी के जवाब से संतुष्ट नहीं हूं । मैं मंत्री से कहना चाहती हूं कि इन अधिकारियों के बीच में Jurisdictional conflict है । सदन के पटल पर बहुत सारी सूचना उपलब्ध है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि आपने केवल जिला मुख्यालय पर ही महिला पुलिस थाने खोले हुये हैं। क्या कोई महिला अन्य सामान्य थाने में भी शिकायत दे सकती है या नहीं ? और अगर दे सकती है तो उसको महिला पुलिस थाने में ट्रांसफर करने की क्या प्रक्रिया है? दूसरी बात मैं यह जानना चाहती हूं कि इन महिला पुलिस थानों में स्टाफ की क्या पोजीशन है? जो सूचना सदन के पटल पर रखी गई है उसके मुताबिक 40 प्रतिशत पद रिक्त दिखाये गये हैं तो उक्त पोजीशन में महिला पुलिस थाने किस प्रकार अच्छी तरह से काम कर पायेंगे ? जवाब में ज्यादातर स्टाफ पोजीशन खाली दिखाई गई है । इसके अतिरिक्त मैं यह भी जानना चाहती हूं कि इन थानों में स्टाफ के पदों को किस प्रकार से बाइफरकेट किया गया है यानी कितने सब–इन्सपैक्टर हैं, कितने

इन्सपैक्टर हैं या ज्यादातर महिला पुलिस कांस्टेबल के सहारे ही ये पुलिस थाने चल रहे हैं?

श्री राम बिलास शर्मा : अध्यक्ष महोदय, पूरे देश में महिला पुलिस अधिकारी 7 प्रतिशत हैं और हरियाणा में 45 हजार पुलिस फोर्स में से 3204 महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारी इस समय कार्यरत हैं । 1032 महिला पुलिस कांस्टेबल्स के पदों पर भर्ती करने के लिए हमने विज्ञापन जारी किया है । हमारी सरकार आने के बाद हमने 830 महिला कांस्टेबल्स की भर्ती की है और वे ट्रेनिंग ले रही हैं । अध्यक्ष महोदय, बहन गीता भुक्कल जी ने पूछा है कि महिला थानों की ज्यूरिसडिक्शन क्या है । मैं उनको बताना चाहता हूं कि ये महिला पुलिस थाने बनाये ही इसलिए गये थे कि वहां पर स्पेसिफिक केस दर्ज हो सकें । वहां पर महिला पुलिस एस.एच.ओ. हैं, महिला पुलिस डी.एस.पी. हैं और एक ए.डी.जी.पी. रैंक का अधिकारी इन महिला पुलिस थानों के कार्य की देख–रेख करने के लिए नियुक्त किया गया है । ये महिला पुलिस थाने केवल महिला उत्पीड़न और बच्चों से संबंधित मामलों को देखते हैं । इसके अतिरिक्त मैं यह भी बताना चाहूंगा कि हमने हर जिले में प्रोटक्शन ऑफिसर की भी नियुक्ति की हुई है । इन महिला पुलिस थानों में हमारे स्पेसिफिक अधिकारी काउंसलिंग पर ज्यादा जोर देते हैं । इन थानों में आम तौर पर महिला उत्पीड़न और पति–पत्नी विवाद से संबंधित मामले ज्यादा आते हैं । इसके अतिरिक्त मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जो महिलाएं असहाय होती हैं उनको हम लीगल ऐड भी देते हैं । विशेष तौर पर यह काम करना तो चाहिए था पिछली कांग्रेस सरकार को लेकिन ये नहीं कर पाये और हमने यह काम किया है इसलिए बहन गीता भुक्कल को इसके लिए धन्यवाद करना चाहिए ।

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी के जवाब से संतुष्ट नहीं हूं । मंत्री जी ने बताया है जिला मुख्यालय पर हमने एक ए.डी.जी.पी. रैंक का अधिकारी लगाया है । मैं यह भी जानना चाहती हूं कि जिला स्तर पर स्टाफ की पोजीशन क्या है और सरकार जो महिला पुलिस की भर्ती करने जा रही है उसमें क्या केवल महिला कांस्टेबल्स की ही भर्ती की जायेगी ? क्या महिला कॉस्टेबल के सहारे ही महिला थाने चलेंगे ? जब हर जगह महिलाएं ही हमें बचा रही हैं तो क्या उनको फाईनैंशियल स्पोर्ट की जरूरत नहीं है ? ऐसी बहुत सी सशक्त महिलाएं भी हैं जिनके मामले महिला पुलिस स्टेशनों में होंगे । मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि आपने जो ये महिला कॉस्टेबलों की भर्ती की घोषणा की है उसको

कितने समय में पूरा किया जाएगा ? हमारी सरकार के समय में हम भर्ती प्रक्रिया पूरी करके गये थे केवल रिजल्ट घोषित करना बाकी था । लेकिन उसको आपकी सरकार ने रद्द कर दिया था । इसके साथ ही मैं यह जानना चाहूंगी कि माननीय मंत्री जी ने कहा है कि हमने हर जिले में प्रौटैक्शन एण्ड प्रौहिबिशन ऑफिसर्ज को महिला थानों में लगाया हुआ है । ये जितनी भी प्रौटैक्शन एण्ड प्रौहिबिशन ऑफिसर्ज लगाई हुई हैं उनको सरकार ने केवल मात्र कॉन्ट्रैक्ट बेस पर लगाया हुआ है और उनको केवल 20 हजार रूपये मासिक वेतन दिया जाता है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि अगर सरकार महिलाओं के हकों को लेकर इतनी गम्भीर है तो क्या इन प्रोटैक्शन एण्ड प्रोहिबिशन ऑफिसर्ज की रेगुलर भर्ती की जाएगी ? इनमें ज्यादातर एम.एस.डब्ल्यू. और एल. एल.बी. हैं । इसके साथ–साथ मैं यह भी कहना चाहूंगी कि सरकार ने इनको कोई भी व्हीकल नहीं दिया हुआ है । मैं यह भी जानना चाहूंगी कि जो महिला पुलिस स्टेशन्ज हैं उनमें हमारी महिला ऑफिसर्ज को, कांस्टेबल को या हैड कांस्टेबल को क्या व्हीकल्ज दिये गये हैं और इसके साथ–साथ उनको क्या वैपन्ज दिये गये हैं ? यह बताया जाता है कि उनके पास तो डंडा भी नहीं है केवल एक स्कूटी है क्या उनको भी ए.के.47, मशीनगन या पिस्टल दी जाएगी ? अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर जो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का बहुत बड़ा नारा देश और प्रदेश में चल रहा है उसका क्या औचित्य रह जाएगा ? क्या स्पेशल ड्राईव के तहत बेटियों के लिये पुलिस में भर्ती करने का कोई स्पेशल ड्राईव चलाया जाएगा क्योंकि स्टेट में जब केन्द्रीय मंत्री आई थी तो she was also not satisfied with the opening of the Mahila Police Stations in the State of Haryana. अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सदन में बताना चाहूंगी कि यह शुरूआत हम हमारी सरकार के समय में ही कर चुके थे ।

शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा) : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय विधायिका श्रीमती गीता भुक्कल जी को बताना चाहता हूं कि महिला सब इंस्पैक्टर की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें 830 महिला पुलिस ट्रेनिंग कर रही हैं और यह रेगुलर भर्ती है यह कोई अस्थाई नहीं है। वह कोई कन्सोलिडेटिड तनख्वा पर नहीं हैं। हमने दो जिलों महेन्द्रगढ़ और करनाल में महिला कॉन्सिलिंग के लिये एक नया एक्सपैरीमैंट किया है कि पुलिस थानों और समाज के बीच में जो घरेलू डोमैस्टिक वायलैंस होती है उसकी सूचना प्रोटेक्शन एडं प्रोहिविशन आफिसर पुलिस स्टेशन

तक देगी। जहां तक बहन जी एफ.आई.आर. की बात कह रही हैं। मैं उनकी जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि हमारा एक पुलिस का पोर्टल है और इस पोर्टल पर कोई भी आदमी किसी भी समय अपनी एफ.आई.आर. दर्ज करा सकता है। जो महिला थानों से संबंधित एफ.आई.आर. हैं उसके लिये भी हमारा यह पोर्टल दिन रात काम करता है। बहन जी का तो ऐसा ही काम है । अध्यक्ष महोदय, हम तो मेहनत करके आते हैं लेकिन वह एक मिनट में कह देती हैं कि I am not satisfied with the answer. बहन जी, यह तो आपका प्रोरोग्रेटिव है सैटिसफाई होना न होना आपकी मर्जी पर निर्भर है । परन्तु मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जब से हमने महिला थाने खोले हैं तब से उनमें 3483 एफ.आई.आर. दर्ज हुई हैं । इन्हीं थानों के माध्यम से 2949 केसों का निपटारा किया गया और 2089 एफ.आई. आर. का हमने चालान पुटअप किया है । None FIR is pending क्योंकि या तो उनका निपटारा हो गया है या उनका चालान पुटअप हो गया है । स्पीकर सर, पीछे की जो सरकारें थी उन्होंने कुछ नहीं किया। बी.जे.पी का तो हरियाणा में सरकार चलाने का पहला अनुभव है । हम माननीय श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नये–नये प्रयोग प्रारम्भ कर रहे हैं। हमने महिला थानों का जो प्रावधान किया है उसके लिये गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया ने भी हमको बधाई दी है ।

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहा है कि महिला कॉस्टेबलों के लिये क्या वैपन्ज दिये जा रहे हैं और उनको व्हीकल्ज की क्या सुविधा दी गई है तथा जो प्रौटैक्शन एण्ड प्रौहिबिशन ऑफिसर्ज लगाई हुई हैं उनकी केवल कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नियुक्ति की हुई है उनको रेगुलर क्यों नहीं किया गया ? यह अच्छी बात है महेन्द्रगढ़ जिला आपका है और करनाल जिला माननीय मुख्यमंत्री जी का है । वहां पर आपने कुछ स्पैशल तैयारी कर ली है लेकिन पूरे हरियाणा की विकास की बात होनी चाहिए । अध्यक्ष महोदय, मेरे जो प्रश्न हैं उनका जवाब नहीं आया है। आज भी अखबार में छपा है कि जिला पानीपत के महिला पुलिस स्टेशन में प्रौटैक्शन ऑफिसर और महिला पुलिस स्टेशन की एस. एच.ओ. के बीच डिस्प्यूट हुआ जिसकी वजह से एस.एच.ओ. का ट्रांसफर कर दिया गया। अतः इन परिस्थितियों के मद्देनज़र मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि चूंकि प्रौटैक्शन ऑफिसर्ज व प्रोहिबिशन ऑफिसर्ज की टैम्परेरी नियुक्ति की जाती है, इसके अतिरिक्त इनको किसी प्रकार के कोई व्हीकल्ज भी प्रोवाइड नहीं करवाये

जाते तो ऐसी हालत में इनको सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की जरूरत है ताकि यह अच्छे तरीके से महिलाओं की सुरक्षा व समस्याओं को सुलझाने में अहम रोल अदा कर सकें? (विघ्न)

श्री अध्यक्षः गीता जी, माननीय मंत्री ने सब कुछ क्लीयर तो कर ही दिया है। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में एफ.आई. आर. की ज्यादा बात की है और मेरे द्वारा उठाये गए प्रश्न को घुमाकर जलेबी की तरह बना दिया है। मेरे प्रश्न का उत्तर तो आया ही नहीं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, महिलाओं की सहायता के लिए बनाई गई 1091 हैल्प लाईन जोकि पूरे देश में कार्यरत है, को हमारी सरकार के समय में ही बनाया गया था। अध्यक्ष महोदय, मेरा मूल प्रश्न का आश्य यह है कि प्रौटैक्शन या प्रौहिबिशन आफिसर्ज की कांट्रैक्ट आधारित नियुक्ति को रेगुलर करने, व्हीकल्ज तथा वेपन मुहैया करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है या इन्हें खाली हाथ ही महिलाओं की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा जायेगा? (शोर एवं व्यवधान)

स्वास्थ्य मंत्री (श्री अनिल विज): अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न काल है और प्रश्न काल के सीमित समय में किसी एक सदस्या को बोलने के लिए इतना समय देने का मतलब यह है कि दूसरे सदस्यों को अपने प्रश्नों को पूछने के लिए कोई समय नहीं मिलेगा। गीता जी को तो माइक मिलना चाहिए उसके बाद इनका माइक छोड़ने का दिल ही नहीं करता है। जितना समय गीता जी को बोलते हुए हो गया है इतने समय में तो दो सप्लीमैंट्री प्रश्न पूछे जा सकते थे।(शोर एवं व्यवधान) पता नहीं कांग्रेस वालों को क्या ट्रेनिंग दे रखी है?

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, मुझे दया की जरूरत नहीं है।(शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः गीता जी, मंत्री जी ने दया शब्द का प्रयोग नहीं किया है। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, सदन में एक महिला को प्रश्न पूछने से रोका जा रहा है? (शोर एवं व्यवधान)

श्री उदय भानः अध्यक्ष महोदय, महिलाओं की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और यदि इस विषय को लेकर कोई महिला सदस्य अपनी बात रखना चाह रही है तो उसको अपनी बात रखने का मौका जरूर देना चाहिए? (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है। मुझे अपने प्रश्न का उत्तर चाहिए? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः गीता जी, माननीय मंत्री जी ने जवाब दे दिया है कि पुलिस में भर्ती हो रही है। अतः आप अब बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) मंत्री जी ने जो उत्तर सदन के समक्ष रखा है उसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि कितने केस दर्ज हुए, कितनों के निपटारे हुए और कितने चालान हुए। (शोर एवं व्यवधान) आपके प्रश्न के उत्तर में मंत्री जी से सभी चीजें बता दी गई हैं। अब सब कुछ साफ हो गया अतः आप प्लीज बैठिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, प्रौटैक्शन ऑफिसर्ज और प्रौहिबिशन ऑफिसर्ज की नियुक्ति कांट्रैक्ट आधारित है क्या इनको रेगुलर करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? मैंने जो सवाल पूछा था उसका मंत्री जी ने जवाब नहीं दिया है। मंत्री जी मेरे मूल प्रश्न वाले ट्रैक से अलग होकर एफ.आई. आर. के बारे में ही बताने लग गए है। (शोर एवं व्यवधान)

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री (श्रीमती कविता जैन): अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वॉयंट ऑफ ऑर्डर है। आदरणीय बहन गीता भुक्कल जी ने प्रौटैक्शन एंड प्रौहिबिशन आफिसर की नियुक्ति संबंधी प्रश्न किया है। वास्तव में जो मूल प्रश्न है वह पुलिस विभाग से संबंध रखता है लेकिन चूंकि प्रौटैक्शन एंड प्रौहिबिशन आफिसर्ज का संबंध महिला एवं बाल विकास विभाग से है तो मैं इस संदर्भ में बताना चाहूँगी कि प्रौटैक्शन एंड प्रौहिबिशन आफिसर्ज की नियुक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की जाती है। माननीय सदस्या द्वारा पूछा गया यह एक सैपरेट प्रश्न है इसलिए मैं इस संदर्भ में केवल इतना ही बताना चाहूंगी कि प्रौटैक्शन एंड प्रौहिबिशन आफिसर्ज की कांट्रैक्ट आधारित नियुक्ति का प्रावधान पहले की सरकारों के समय से रहा है, इसके अतिरिक्त और कोई जानकारी यदि माननीय सदस्या लेना चाहती हैं तो वह लिखकर दे दें उसका जवाब जरूर दिया जायेगा। वैसे मैं इस संबंध में यह भी बताना चाहूंगी कि महिला पुलिस थाने में कुछ मामले घरेलू हिंसा तथा आपसी मनमुटाव के आते हैं तो ऐसी अवस्था में प्रौटैक्शन ऑफिसर्ज तथा प्रौहिबिशन आफिसर्ज का यह दायित्व होता है कि वह उनको काउंसलिंग के माध्यम से समझाकर विवाद को खत्म करवाये ताकि परिवार और समाज के अंतर्गत दूरिया न पनपे और परिवार न बंटे। इसके अतिरिक्त जैसाकि बहन गीता जी ने प्रश्न किया

है तो मैं उनको आश्वासन देना चाहूंगी कि जहां कही पर भी इनको स्ट्रैंथन करने की आवश्यकता पड़ेगी, निःसेदह उस दिशा में जरूर कार्य किया जायेगा।

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने खुद माना है कि प्रौटैक्शन ऑफिसर्ज व प्रौहिबिशन ऑफिसर्ज की नियुक्ति हमारे कांग्रेस सरकार के समय से होती रही है, अब जो चीज हमारे समय से चल रही है उसको कम से कम स्ट्रैंथन करने का काम तो सरकार द्वारा किया ही जाना चाहिए? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः गीता जी, मंत्री जी ने यह कहा कि आपके समय में इनको कांट्रैक्ट पर रखने का काम किया गया था, उन्होंने यह नहीं कहा कि आपकी सरकार ने यह काम शुरू किया था? (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती कविता जैनः अध्यक्ष महोदय, गीता भुक्कल जी हर बात का क्रेडिट अपनी सरकार को देना चाहती है जो कुछ अच्छा हुआ वह इनकी सरकार के समय में ही हुआ लेकिन इन्होंने अब मुझे इनकी सरकार की वास्तविकताओं के बारे में बताने के लिए मजबूर कर दिया है। मैं पूरे सदन को बताना चाहती हूँ कि कांग्रेस के शासन काल में महिलाओं के साथ किस–किस तरह के अपराध होते थे। रोहतक का अपना घर कांड मैं समझती हूँ कि आज भी प्रदेश की महिलाओं के खिलाफ एक धब्बा है, काला अध्याय है। (शेम शेम की आवाजें)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती कविता जैनः अध्यक्ष महोदय, रोहतक के इस अपना घर कांड में छोटी–छोटी बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार करवाया जाता था और अपना घर चलाने वाली महिला ने अपने दामाद के साथ मिलकर जिस तरह का कांग्रेस की सरकार के लोगों से इन बच्चियों का उत्पीड़न करवाया था, वह बात किसी से छिपी नहीं है। मैं समझती हूँ कि इनको उस कांड के बारे में भी सदन में बताना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः गीता जी, अब आपने जब प्रश्न किया है तो मंत्री तो जवाब देंगी ही?(शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती कविता जैनः अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस के शासन काल में सरिता कांड हुआ, पंचकुला में ज्योति मर्डर केस कांड हुआ, मिर्चपुर में दलित महिला के घर पर आग लगाई गई थी तथा उसके पिता को जिंदा जलाया गया। अध्यक्ष महोदय, इनको इन कांडों के बारे में भी सदन को बताना चाहिए? भारतीय जनता पार्टी की सरकार

महिलाओं के अपराधों के खिलाफ निपटने के लिए पूरी तरह से गम्भीर है और निःसंदेह महिलाओं के खिलाफ अपराधों को कम करने के लिए नई महिला पुलिस कर्मियों की भर्ती की जायेगी और इनको स्ट्रैंथन करने के हर संभव प्रयास किए जायेंगे।

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, (शोर एवं व्यवधान)

वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु): अध्यक्ष महोदय, शायद गीता जी को उनके प्रश्न का जवाब मिल गया है? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : गीता जी, यह घरेलू हिंसा से संबंधित मामला है और इस पर माननीय मंत्री जी ने जवाब दे दिया है कि 50 परसेंट मामले सोल्व कर दिये गए हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष जी, मैंने जो प्रश्न किया है उसका सही जवाब नहीं आया है । These Protection and Prohibition Officers are going to sit in the Mahila Police Stations. माननीय मुख्य मंत्री जी ने परसों ही इस संबंध में कहा है और उन्होंने इससे पहले भी मीटिंग ली है । माननीय मंत्री जी कह रही हैं कि this is a seperate question. मुझे हैरानी है कि प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री कैसे कह सकती हैं कि महिला थानों में प्रौटैक्शन एंड प्रौहिबिशन ऑफिसर्स का मामला सैपरेट है ? (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती कविता जैन : अध्यक्ष महोदय, यह क्वैश्चन सैप्रेट इसलिए है चूंकि महिला प्रोटैक्शन पुलिस ऑफिसर के बारे में जो भी फैसला लिया जाएगा वह महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा लिया जाएगा ।

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष जी, इन महिला पुलिस थानों की स्थापना करने का तब तक कोई फायदा नहीं है जब तक इनका ठीक से संचालन नहीं किया जाता है । (शोर एवं व्यवधान)

Construction of Four- Laned Bridge

***1953 Sh. Mool Chand Sharma.** : Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct Four-Lane Bridge on Ballabgarh Railway Line which connects Sohna and Ballabgarh the announcement of which was made by the

Hon'ble Chief Minister on 6th February 2016; if so, the time by which its construction work is likely to be completed?

लोक निर्माण मंत्री (श्री नरबीर सिंह) : हां सर। समय केवल भूमि के प्रबंध के बाद ही बताया जा सकता है।

श्री मूल चन्द शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि सोहना से बल्लभगढ़ जाने वाले फ्लाईओवर के बीच में दो फैक्ट्रियां आती हैं । इन दोनों फैक्टरियों से 20–20 मीटर जगह ली जानी है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या जमीन एक्वायर करने के संबंध में उन फैक्टरी मालिकों से विभाग के अधिकारियों की या किसी कमेटी की मीटिंग हुई है ? वह फैक्टरी छाँयसा गांव में शिफ्ट हो चुकी है और इस जमीन का कुछ हिस्सा स्टायर वायर फैक्टरी के अंतर्गत आता है । मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मंझावली का जो पुल बनाना मंजूर हुआ है वह माननीय सदस्य श्री ललित नागर के विधान सभा क्षेत्र में आता है । हमारे क्षेत्र में दो पुल नीलम और बड़खल हैं । यहां पर बहुत ज्यादा भीड़ लगी रहती हैं । माननीय मुख्य मंत्री जी की रैली में मैंने और माननीय सदस्य श्री नागेन्द्र भड़ाना ने इनका विषय उठाया था । वहां पर बहुत–सी फैक्टरियां लगी हुई हैं और इनका सारा माल यहीं से होकर जाता है । मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या बजट में इनके लिए कोई प्रावधान किया गया है ? माननीय मुख्य मंत्री जी ने अपनी रैली के दौरान सोहना, ग्रेटर नोएडा, मंझावली और रिवाड़ी को जोड़ने वाले फ्लाईओवर की घोषणा की थी । इस पुल के अलावा इन क्षेत्रों को जोड़ने वाला कोई अन्य पुल नहीं है । अतः यह बहुत सीरियस मैटर है । हरियाणा सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देना चाहती है । मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि दिनांक 6 फरवरी, 2016 को माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के संबंध में बजट में क्या प्रावधान किया गया है ?

श्री नरबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि सोहना–बल्लभगढ़ मार्ग पर ऑलरेडी दो मार्गी पुल बना हुआ है । इस मार्ग पर थोड़ी–सी भीड़ रहती है । अब हम इसे चारमार्गी करने की कोशिश कर रहे हैं । वहां पर कुछ जगह पर सरकारी इंडस्ट्रीज लगी हुई हैं और कुछ जगह कमर्शियल हैं । मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हम डी.सी. की अध्यक्षता में एक कमेटी बना देंगे जिसमें माननीय विधायक जी भी इसके सदस्य

होंगे । यह कमेटी फैक्टरी मालिकों के साथ बैठकर जमीन के रेट तय कर लेगी । इसके बाद हम जमीन अधिग्रहण करके उस मार्ग को चारमार्गी कर देंगे ।

तारांकित प्रश्न संख्या – 1958

(यह प्रश्न पूछा नहीं गया क्योंकि इस समय माननीय सदस्य श्री हरि चन्द मिड्ढा सदन में उपस्थित नहीं थे ।)

Supply of Drinking Water

***1728.Sh. Jaiveer Singh . :** Will the Minister of State for Public Health Engineering be pleased to state whether it is a fact that the water supply work in village Khanda, Sehri, Cholka (Sonepat) was in progress during the year 2013 is lying stalled since the November, 2014; if so, the time by which the work on the scheme for drinking water is likely to be started by the Government?

जन स्वास्थय अभियांत्रिकी राज्य मंत्री (डा0 बनवारी लाल) : श्रीमान् जी, तीन गांवों की खांडा समूह के लिए जल आपूर्ति का कार्य 05.04.2013 को अलाट किया गया था। कई बार अनुरोध करने के बाद भी एजैंसी द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया। एजैंसी के विरुद्ध अनुबन्ध के उपनियमों के अनुसार कार्यवाही की गई थी। शेष कार्य पहले वाली एजैंसी के जोखिम और लागत पर दूसरी एजैंसी को दिनांक 27.09.2016 को अलॉट किया जा चुका है। कार्य प्रगति पर है तथा इसके 30.06.2017 तक पूरा होने की संभावना है। अध्यक्ष जी, यह कार्य मार्च महीने तक पूरा किया जाना था । केंद्र सरकार से बजट प्राप्त न होने की वजह से इसमें डिले हुई और अब इसका निर्माण 30.6.2017 तक पूरा होने की संभावना है ।

श्री जयवीर सिंह : अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री द्वारा सदन में दिये गए जवाब से संतुष्ट नहीं हूं । माननीय मंत्री जी ने जो रियल चीज थी वह नहीं बताई है । मेरे विधान सभा क्षेत्र के तीन गांवों सेहरी, खांडा और चोलका में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए एक स्कीम बनाई थी । मैं आदरणीय पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने इस स्कीम के लिए 4–5 साल पहले साढ़े तीन करोड़ रूपये मंजूर किये थे । उस स्कीम पर काम

पूरा हो चुका है । अध्यक्ष महोदय, भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद काम बंद हो चुका है। माननीय मंत्री जी का जवाब बिल्कुल निराधार है और मैं इससे बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हूँ। माननीय मंत्री जी सिर्फ यह बताएं कि इन तीन गांवों को कब तक पानी मिलेगा?

डॉ. बनवारी लालः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को इसके बारे में बता दिया गया है।

Construction Work of Guru Gobind Singh Marg

***1971. Sh Balkaur Shingh.** : Will the PW (B&R) Minister be pleased to state the time by which the construction work of Guru Gobind Singh Marg passing through village Kewal, District Sirsa of Kalanwali Constituency is likely to be completed ?

लोक निर्माण मंत्री (श्री नरबीर सिंह) : श्रीमान् जी, सड़क पहले से ही निर्मित और अच्छी स्थिति में है।

श्री बलकौर सिंहः अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार में भी इस सड़क के बारे में चर्चा होती थी। यह सड़क गुरू गोबिन्द सिंह मार्ग के नाम से जानी जाती है। अध्यक्ष महोदय, यह सड़क सिखों के बहुत बड़े धार्मिक स्थान तख्त साहिब श्री दमदमा साहिब को हरियाणा और राजस्थान से जोड़ती है। यह सड़क 100 किलोमीटर तक सिरसा जिले से गुजरती है। यह सड़क वहां पर 30 किलोमीटर तक नेशनल हाईवे पर पड़ती है और 70 किलोमीटर का जो बाकी पोर्शन है वह खस्ता हालत में है। इस सड़क को बनाने के लिए मैंने माननीय मंत्री जी से भी निवेदन किया था कि यह सड़क धार्मिक भावना के साथ भी जुड़ी हुई है और दो राज्यों को भी मिलाती है। इस सड़क की हालत काफी खराब है। पंजाब सरकार गुरू गोबिन्द सिंह मार्ग के नाम से बहुत बढ़िया सड़क पहले ही बना चुकी है। अध्यक्ष महोदय, मौजूदा सरकार भी 350 वां गुरू गोबिन्द सिंह जी का पर्व मना रही है। इस उद्देश्य से यह सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस सड़क को जरूर बनाने की कृपा करें क्योंकि सिरसा जिला इसमें कवर होता है। अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री

जी से अनुरोध है कि जो सड़क पहले से ही निर्मित है वह छोटी और अच्छी स्थिति में नहीं है इसलिए इस सड़क को चौड़ा करके अच्छी तरह से बनाया जाये।

श्री नरबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, यह गांव की 1.33 किलोमीटर की सड़क है और अच्छी स्थिति में है बाकी तकरीबन 95.59 किलोमीटर सड़क हरियाणा में से गुजरती है। बहुत सी सड़क इसमें चार लाइन और 18 फीट की और कुछ 21 फीट की भी है। अध्यक्ष महोदय, आगे आने वाले समय में जो 12 फीट की सड़क है उसे हम 18 फीट की करने जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, जहाँ पर सड़क खराब है वहाँ ठीक करवा देंगे।

To Add Value to the Crops

***1974.Smt. Prem Lata.:** Will the Agriculture Minister be pleased to state: -

(a) the steps taken by the Agriculture Department to add value to the crops of the farmers; and

(b) whether the State Government has identified projects for value addition in coarse grains, edible oils and pulses togetherwith the details of projects ?

कृषि मंत्री (श्री ओम प्रकाश धनखड़) :

(क) बागवानी विभाग, हरियाणा ने घरेलू स्तर पर संरक्षित और प्रसंस्कृत उत्पादों के रूप में बागवानी उत्पादों का मूल्य संवर्धन पर परिक्षण प्रदान करने के लिए 3 खाद्य प्रौद्योगिकी केन्द्र कुरूक्षेत्र, जीन्द और सिरसा में एक–एक की स्थापना की है। पिछले दो वर्षों के दौरान, 247 प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 5231 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

इसके अलावा, हैफेड ने 11 राईज़ मिल्स, एक चीनी मिल असंध में, दो सरसों तेल मिल्स नारनौल और रेवाड़ी में, एक फलोर मिल तरावड़ी में और दो पशु आहार संयत्र रोहतक और सकताखेड़ा (सिरसा) में लगाए हैं।

(ख) नहीं, श्रीमति जी।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या के प्रश्न के बारे में मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि जो प्रशिक्षण दिया जाता है वह व्यावसायिक स्तर पर नहीं बल्कि घरेलू स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाता है। अध्यक्ष महोदय, पिछले दो वर्षों के

दौरान 247 प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया था जिसमें आचार बनाना, मुरब्बा बनाना, जैम बनाना, जैली बनाना, आदि हैं जिसमें 5231 प्रशिक्षुओं को इसमें प्रशिक्षण दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, मार्केटिंग बोर्ड का अबूब शहर में भी एक पैकेजिंग, ग्रेडिंग, शोर्टिंग और कोल्ड स्टोर हैं। लेकिन अब उसका टैंडर फिर से किया है ताकि कोई प्राईवेट पार्टी उसको फिर से चलाए जिससे किन्नू की खेती से किसानों को फायदा हो सके। अध्यक्ष महोदय, मार्केटिंग बोर्ड के अलावा यह प्रशिक्षण हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार में भी बाजरे की बिस्किट जैसे मोटे अनाजों से कई चीजें बनती हैं वहाँ भी शुरू किया है। इसके अलावा हैफेड ने 11 राईस मिल्स, एक चीनी मिल असंध में, दो सरसों तेल मिल्स नारनौल और रेवाड़ी में, एक फ्लोर मिल तरावड़ी में और दो पशु आहार संयत्र रोहतक और सकताखेड़ा (सिरसा) में लगाए हैं।

श्रीमती प्रेमलताः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री से पूछना चाहती हूँ कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र उचाना में लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से 85 एकड़ में अनाज मण्डी बनने जा रही है। क्या इस अनाज मण्डी में किसानों को फायदा पहुँचाने के लिए मूल्य संवर्धन करने के लिए कोई परियोजना सोची है? अध्यक्ष महोदय, दूसरा सवाल मेरा यह है कि बधाना गांव में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने घोषणा की थी कि होर्टिकल्चर का एक सैन्टर आ रहा है। उसमें जब फल और सब्जी पैदा होगी तो क्या उसके लिए भी मूल्य संवर्धन का कोई प्रावधान किया है? जिससे किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुँच सके।

श्री ओम प्रकाश धनखड़ः अध्यक्ष महोदय, अभी उचाना के बारे में स्पेसिफिक योजना के बारे कोई डिटेल नहीं है। परन्तु माननीय सदस्या के पास कोई सुझाव है तो उस पर विचार किया जाएगा। लेकिन एक बात मैं बताना चाहता हूं कि हम हार्टिकल्चर के 140 सैंटर कलेक्शन बना रहे हैं तथा इसके लिए हमने 340 गांवों की पहचान कर ली है। उन कलेक्शन सैंटरों में सोरटिंग, ग्रेडिंग, पैकेजिंग करने की भी व्यवस्था की जाएगी जिससे किसानों को अलग–2 लेवल पर पैक करके ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके उसके लिए हमारा विभाग कार्य कर रहा है। हमारे प्रदेश में हार्टिकल्चर की सबसे बड़ी मंडी गन्नौर में है वहां पर सब तरह के प्रोजेक्ट हैं बल्कि हम इससे भी आगे बढकर प्रोसेसिंग के प्रोजेक्ट बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। लेकिन उचाना के लिए कोई स्पेसिफिक सुझाव है तो निश्चित रूप से हम उस पर विचार करेंगे। हमारी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में इस तरह की बहुत सारी ट्रेनिंग दी

जा रही है। हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी जब बन जायेगी तो उसके रिजनल सैंटर भी बनाये जाएंगे तथा हार्टिकल्चर के प्रोडेक्टस बनाने के लिए ट्रेनिंग सैंटर और डेमोसट्रेशन सैंटर भी इन सब स्थानों पर बनाये जायेंगे।

.....

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फिरोजपूर कलां, जिला फरीदाबाद के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों का अभिनन्दन

शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा): अध्यक्ष महोदय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फिरोजपूर कलां, जिला फरीदाबाद के बच्चे और अध्यापक सदन की कार्यवाही देखने आएं हैं। यह महान सदन उनका स्वागत करता है।

.....

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

श्रीमती प्रेमलता: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक सवाल और पूछना चाहती हूं कि क्या फलों की सोरटिंग करने का भी कोई प्रावधान है। जैसे किन्नू होता है उनका साईज छोटा और बड़ा होता है। उसी हिसाब से उनकी कीमत होती है। क्योंकि सैपरेट करने से किसानों को उसका सीधा लाभ हो सकता है। सभी फ्रुटस की यानी अमरूद बेर, संतरा, किन्नू की खेती किसान करता है। इसके अतिरिक्त फूलों की मंडी के बारे में भी पूछना चाहती हूं। अभी कुछ दिन पहले हमारे प्रदेश से कृषि विभाग के अधिकारी हालैंड के दौरे पर गये थे। उन्होंने वहां पर फूलों की मंडी का निरीक्षण किया था उस मंडी में आक्शन से चार घंटे में पूरी दुनिया के फूल बिक जाते हैं। क्या हमारी सरकार के पास किसानों के लिए ऐसी मंडी बनाने का कोई प्रावधान है ?

श्री ओम प्रकाश धनखड़: आदरणीय अध्यक्ष जी, जैसा कि मैंने पहले बताया कि अबूब शहर में माकेर्टिंग बोर्ड की जो संस्था है उसमें सोरटिंग की व्यवस्था है। अलग–2 साईज के हिसाब से फलों की व्यवस्था होनी चाहिए। हमारे अधिकारी वहाँ इसलिए गये थे कि हम भी अपनी एक फूलों की मंडी गुरूग्राम में विकसित करना चाहते हैं। हमारे प्रदेश में गुरूग्राम, फरीदाबाद, फरूखनगर, पलवल व झज्जर का इलाका फूलों की खेती करता है हमारी सरकार किसानों के लिए एक अच्छी मंडी विकसित करना चाहती है, ताकि हमारे फूलों की खेती करने वाले किसानों को उसका लाभ मिल सके इसीलिए हमारी टीम वहां पर निरीक्षण के लिए गयी थी।

सरदार जसविन्द्र सिंह संधू: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि अब की बार आलू व मटर की फसल का बहुत ही कम भाव था।

आलू का भाव प्रति क्विटंल 100–150/– रूपये तथा मटर का भाव 300–400 रूपये प्रति क्विंटल था। ऐसे हालत में हमारी हैफेड की एजेंसी राईस की खरीद करके राईस सेलिंग का कार्य करती है। तो मैं माननीय मंत्री जी निवेदन करना चाहता हूं कि क्या सरकार चाहे कुटीर उद्योग हो या हैफेड की तरफ से कोई ऐसी बड़ी फैक्टरी लगाने जा रही है ताकि जब उत्पादन का भाव कम मिलता है तो उसको संभालने के लिए हैफेड की तरफ से खरीद कर सकें ताकि किसानों को फसल का उचित रेट मिल सकें।

श्री ओम प्रकाश धनखड़ः माननीय अध्यक्ष महोदय, यह काफी चिन्ता का विषय है और कई बार आलू, गोभी, टमाटर व प्याज की फसल के दाम काफी कम होते हैं जिससे किसानों को लाभ न के बराबर होता है। आज माननीय वित्त मंत्री जी प्रदेश का बजट पेश कर रहे हैं इसके लिए मैं उनसे निवेदन करूंगा कि वे कोई ऐसा प्रावधान बजट में करें ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित रेट मिल और उन्हें लाभ हो सके।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी दादरी से चुनाव भी लड़ चुके हैं और बहुत ही अच्छा काम कर रहे हैं। मैं मंत्री जी से इसी से रिलेटिड सवाल पूछना चाहती हूं कि प्रदेश में कई स्थानों पर वाटर लॉगिंग हो रही हैं और हजारों एकड़ जमीन खराब हो चुकी है। क्या वाटर लॉगिंग को समाप्त करने के लिए सरकार कोई प्रावधान कर रही है ताकि किसान अपनी जमीन पर खेती कर सकें ?

श्री अध्यक्षः बहन जी, आप मूल सवाल से संबंधित ही अपना प्रश्न पूछें। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न है तो डिफरेंट परन्तु अगर मंत्री जी इसका जबाव दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा क्योंकि यह किसानों के हितों से संबंधित है।

श्री अध्यक्षः बहन जी, अगर आप कोई भी ऐसे अलग सवाल करेंगीं तो मंत्री जी जबाव कैसे देंगे ? (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह दें कि it is not related. अगर वे कह देंगे कि it is not related तो मैं आगे सवाल नहीं पूछूंगी।

श्रीमती कविता जैन : आपका सवाल आ गया, आप शायद भूल गई हैं।

श्री ओम प्रकाश धनखंड़ : अध्यक्ष महोदय, ये जो हमारा इमलोटा का इलाका है, उसकी वास्तव में वहां समस्या है, और वह एक गंभीर समस्या है। हमारे मुख्यमंत्री

जी वहां गए थे, तभी उस पर सरकार काफी सारी चीजें करने के लिए आगे बढ़ी है।

To Set Up a Solid Waste Management Project

***1748. Smt. Kiran Choudhary. :** Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to State:-

(a) whether it is a fact that a revised Detailed Project Report (DPR) of worth Rs. 4.4 crore for setting up a Solid Waste Management Project at Bhiwani town under UIDSSMT has been forwarded vide Memo No. TA/DULB/2014/ 10567, dated 19.02.2014; and

(b) if so, the steps taken by the State Government for approval of aforesaid DPR and released of funds for this project ?

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री (श्री कविता जैन) :

(क) हां, श्रीमान् जी ।

(ख) प्रस्ताव शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था क्योंकि जेएनएनयूआरएम योजना 31 मार्च, 2014 को समाप्त हो गई थी।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, आज हमारे मुख्यमंत्री जी यहां बैठे नहीं हैं, मैं इस बारे में बहुत सारी चिट्ठियां उनको लिख चुकी हूं, क्योंकि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट है और बी.जे.पी सरकार का एक स्टेलर प्रोग्राम है स्वच्छ भारत अभियान। भारत किस तरह से स्वच्छ हो सकता है, यह देखने की बात है क्योंकि सिर्फ झाड़ू लगाने से तो यह नहीं हो सकता। इस अभियान के द्वारा अगर आपको सही मायने में स्वच्छ भारत की वास्तविक रूप में पहचान बनानी है तो यह बहुत जरूरी है कि जो सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट है, उसे हर जिले के अंदर लगाए जाए, वरना हमारा स्वच्छ भारत का काम पूरा नहीं होने वाला है। आप जानते हैं कि इसका 100 परसेंट सेग्रीगेशन नहीं होता है और सॉलिड वेस्ट की इनएडिक्वेट ट्रांसपोर्टेशन होती है, रोड साइड पर डम्पिंग होती है, जिससे बहुत गंदगी फैलती है। माननीय मंत्री जी ने अभी जवाब दिया है कि वह 31 मार्च, 2014 को खत्म हो गया था। जब केन्द्र सरकार ने इसे मंजूर कर लिया

था और साढ़े 4 करोड़ रुपया यहां के लिए दे दिया था। हमने डी.पी.आर भी भेज दी थी तो उसके बावजूद 2 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ है। उसके ऊपर केन्द्र सरकार से बात करके कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

श्रीमती कविता जैन : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हमारे सम्मानित साथी को बताना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ से जो प्रश्न पूछा है, उसके लिए मैं बताना चाहूंगी कि उनके ही समय में हमारी प्रदेश सरकार ने 19.02.2014 को 4.4 करोड़ रुपए की एक योजना उस समय केन्द्र सरकार को भेजी थी। इसका मतलब यह होता है कि उस समय कांग्रेस की सरकार थी। (विघ्न) आगे भी बताऊंगी, मैं आपको सारी बात क्लीयर कर दूंगी। मैंने जवाब दिया है कि 31 मार्च, 2014 को यह योजना समाप्त हो गयी थी। उस समय की केन्द्र की सरकार अपने पत्र दिनांक 18.07.2014 को अपने निर्णय से यह अवगत कराया कि जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन द्वारा यह योजना 31 मार्च, 2014 को समाप्त हो चुकी है और जो इन्होंने प्रपोजल भेजी वह इन्हीं की सरकार में भेजी गई थी और इन्हीं की सरकार के समय रद्द कर दी गई। आज यहां दूसरी बात आती है स्वच्छता अभियान की तो निस्संदेह इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी ने जो आगाज किया है, जन–जागरण का। हमारी सरकार भी उसके लिए पूरी तरह से चिंतित है। किस तरह से हम लोग सॉलिड वेस्ट को मैनेज करें ये वाकई में बहुत बड़ी समस्या है। हमने पूरे प्रदेश को क्षेत्रीय भेद–भाव से दूर करते हुए, 15 क्लस्टर में डिवाइड किया है। इन 15 कलस्टर के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट्स लगाए जाएंगे। कुछ जगह पर वेस्ट टू एनर्जी के प्लांट लगाए जाएंगे और कुछ जगह पर वेस्ट टू कम्पोज के प्लांट लगाए जायेंगे। हमारा यह जो प्रॉसिजर है वह शुरू हो चुका है। जहां तक भिवानी का कंसर्न है, मैं उनको बताना चाहूंगी कि भिवानी के लिए भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हमारे भिवानी कलस्टर का हिस्सा है। हांसी रोड बवानी खेड़ा में 16 एकड़ भूमि पर हम यह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने जा रहे हैं और यह पूरे नॉर्म्स को भी पूरा करता है, क्योंकि जहां पर शहर की आबादी है, यह जगह उससे 2 किलोमीटर दूर है। कचरे से खाद बनाने के लिए 4 कलस्टर भिवानी, भूना, पुन्हाना और हिसार जिसमें नगर परिषद भिवानी भी शामिल है, चिन्हित किए गए हैं। इसके लिए बोली प्रक्रिया जून, 2017 तक पूर्ण होने की संभावना है और इस कलस्टर के निर्माण के बाद निश्चित रूप से कूड़े की लिफ्टिंग, डम्पिंग, सेग्रीगेशन को कम किया जा सकता है और उसको प्रयोग में

लाया जा सकता है। हमारी सरकार उसके लिए पूरी तरह से चिंतित है और हम निश्चित रूप से उस पर काम करेंगे। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : किरण जी, अब सवाल मत पूछिए। आपको बहुत अच्छा जवाब मिल गया है।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदया ने कहा है कि ये इसके लिए पूरी तरह से चिंतित हैं और जून, 2017 तक इस पर काम शुरू करवा देंगी । क्या ये जून, 2017 तक इस पर कार्य शुरू करवा देंगी ?

श्रीमती कविता जैन : अध्यक्ष महोदय, मैंने on the floor of the House आश्वासन दिया है । हम जून, 2017 तक इस पर अवश्य काम शुरू करवा देंगे ।

To Enhance Subsidy on Drip Irrigation

***1789.Sh. Om Parkash Barwa.:** Will the Agriculture Minister be pleased to state whether it is a fact that the underground water level is depleting in the State; if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to enhance subsidy for the farmers to promote the drip irrigation system to save the water ?

कृषि मन्त्री (श्री ओम प्रकाश धनखड) :हां, श्रीमान् जी, सरकार द्वारा किसानों को टपका सिंचाई प्रणाली समेत सूक्ष्म सिंचाई की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 50 से 90 प्रतिशत सहायता प्रदान की जा रही है ।

श्री ओम प्रकाश बरवा : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जवाब में बताया है कि 50 से 90 प्रतिशत तक सबसिडी माईक्रो इरीगेशन पर दी जाती है । क्या मंत्री जी इसकी डिटेल बताने की कृपा करेंगे कि 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सबसिडी को किस तरह से कैटेगराईज किया गया है और 90 प्रतिशत सबसिडी किसको दी जाती है ? क्या सभी किसानों को 90 प्रतिशत सबसिडी देने बारे सरकार विचार कर रही है ?

श्री ओम प्रकाश धनखड़ : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि इसमें एस.सीज. कैटेगरी को 90 प्रतिशत सबसिडी दी जाती है। इसी तरह से जो इलाके डैजर्ट डवैल्पमैंट प्रोग्राम के तहत आते हैं वहां पर सीमांत और छोटे किसानों को 75 प्रतिशत सबसिडी दी जाती है। इसी तरह से

47. सरकार सतलुज–यमुना लिंक नहर को पूरा करवाने तथा रावी–ब्यास के हरियाणा के यथोचित हिस्से का पानी लेने के लिए कृत–संकल्प है। राष्ट्रपति संदर्भ की सुनवाई, जो गत 12 वर्षों से अधिक समय से लंबित थी, पर भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 10 नवम्बर, 2016 को हरियाणा के पक्ष में निर्णय दिया है। माननीय न्यायालय ने कहा है कि पंजाब वर्ष 2002/2004 के फैसले तथा निर्णय को रद्द और 31 दिसम्बर, 1981 के समझौते को समाप्त नहीं कर सकता। पंजाब

में एसवाईएल नहर के शेष भाग को शीघ्र पूरा करवाने और प्रदेश के लोगों को चिरलम्बित न्याय दिलवाना सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा ने 28 नवम्बर, 2016 को माननीय राष्ट्रपति महोदय को, उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप के लिए एक ज्ञापन सौंपा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 22 फरवरी, 2017 को दोहराया है कि न्यायालय द्वारा 30 नवम्बर, 2016 को पारित अंतरिम आदेश, आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे। इस उद्देश्य के लिए, मैं वर्ष 2017–18 में विशेष तौर पर 100 करोड़ रुपये का परिव्यय आबंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ। मैं इस गरिमामयी सदन को विश्वास दिलाता हूँ कि एसवाईएल नहर को बनवाने के लिये अगर 1000 करोड़ रुपये की भी जरूरत पड़ेगी तो हम इसकी व्यवस्था करेंगे।

48. वर्ष 2017–18 के लिए, मैं सिंचाई और जल संसाधनों के लिए परिव्यय को संशोधित अनुमान 2016–17 के 2397.68 करोड़ रुपये से 13.62 प्रतिशत बढ़ाकर 2724.26 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव करता हूँ।

ग्रामीण विकास

49. राज्य सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए ''ग्रामोदय से भारत उदय'' कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपने गांवों को आदर्श गांव बनाकर गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

50. ''स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना'' के प्रथम चरण में, 10,000 या इससे अधिक की आबादी वाले गांवों में सुनियोजित ढंग से सभी प्रकार की शहरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह योजना 1461 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक पांच वर्ष के अंदर पूरी कर ली जाएगी।

51. पहली बार, ''स्वर्ण जयंती विकास निधि'' योजना के तहत आबादी के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों को वार्षिक आधार पर विकास कार्यों के लिए सुनिश्चित निधि पैकेज हस्तांतरित किया गया है।

52. हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों के सहयोग से, राज्य ने वर्ष 2016–17 में 14 जिलों के लिए खुले में शौच मुक्त का दर्जा हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य सरकार का नवम्बर, 2017 तक पूरे राज्य को खुले में शौच से मुक्त बनाने के लक्ष्य है।

53. गांवों में आधुनिक सुविधाओं से लैस ग्राम सचिवालय और अटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें भारतनैट परियोजना के माध्यम से कनैक्टिविटी

प्रदान की जा रही है। अब तक राज्य के 100 गांवों में वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

54. राज्य सरकार कार्यों, अधिकारियों और निधि के मामले में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायती राज संस्थाओं में शिक्षित जनप्रतिनिधियों का चुनाव इस दिशा में उठाया गया पहला कदम है। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के तीनों स्तरों के जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया है। ग्राम पंचायत के पंच से लेकर जिला परिषद् के अध्यक्ष तक का मानदेय प्रतिमाह 400 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक बढ़ाया गया है।

55. मैं वर्ष 2017–18 के दौरान ग्रामीण विकास, सामुदायिक विकास तथा पंचायतों के लिए 4963.09 करोड़ रुपये के आबंटन का प्रस्ताव करता हूँ, जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 के 3167.55 करोड़ रुपये पर 56.69 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि है।

सामाजिक क्षेत्र

स्वास्थ्य

56. माननीय उपाध्यक्ष महोदया, हमारा लक्ष्य ''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः'' का है। इसलिए, राज्य सरकार ने प्रदेश में सस्ती, सुविधाजनक और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने को प्राथमिकता दी है। सरकारी अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। छः जिला अस्पतालों तथा तीन चिकित्सा महाविद्यालयों में पीपीपी मोड पर एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें स्थापित की गई हैं। पांच और जिला अस्पतालों के सम्बन्ध में इन मशीनों की स्थापना के लिए आदेश पत्र जारी हो चुका है। पहली बार चार जिलों में डायलिसिस सेवाएं शुरू हुई हैं तथा अन्य 10 जिलों में स्थापित की जा रही हैं। चार जिला अस्पतालों नामतः पंचकूला, गुरुग्राम, अम्बाला छावनी और फरीदाबाद में अत्याधुनिक कैथ–लैब स्थापित करने का भी प्रस्ताव है।

57. राज्य सरकार की परिकल्पना प्रत्येक जिले में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की है। भिवानी में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। कुटैल, करनाल में चिकित्सा विश्वविद्यालय में 750 बिस्तर वाला 'अत्याधुनिक' मल्टी स्पेशिलिटी और सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल होगा। जींद में वर्ष 2017–18 में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। भारतीय चिकित्सा परिषद् (एमसीआई) द्वारा

कल्पना चावला चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल का निरीक्षण किया जा चुका है और इसमें शैक्षणिक वर्ष 2017–18 में 100 सीटों के लिए एमबीबीएस के पहले बैच के दाखिले होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सामाजिक–आर्थिक रूप से पिछड़े जिले नूह के लोगों को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधाएं तथा दंत शिक्षा मुहैया करवाने के लिए शहीद हसन खाँ मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहड़ में एक डेंटल कालेज भी स्थापित किया जाएगा।

58. मैं वर्ष 2017–18 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के लिए 3839.90 करोड़ रुपये आबंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ, जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 में 3323.95 करोड़ रुपये के परिव्यय पर 15.52 प्रतिशत की वृद्धि है।

शिक्षा

59. माननीय उपाध्यक्ष महोदया, राज्य सरकार युवा पीढ़ी को शिक्षित, सदाचारी, स्वस्थ और कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के अतिरिक्त, शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार लाने पर बल दे रही है।

60. बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के क्रियान्वयन के फलस्वरूप सरकार ने शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। सार्वभौमिक पहुंच के अतिरिक्त शिक्षा की गुणवत्ता भी मायने रखती है जिसके लिए सरकार स्कूलों में शैक्षणिक माहौल में सुधार पर बल दे रही है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, राज्य में गुणवत्ता सुधार का एक कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सीखने के अंतर को पाटना और यह सुनिश्चित करना है कि पांच वर्षों में प्राथमिक कक्षाओं के कम से कम 80 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रेड स्तरीय दक्षता प्राप्त कर लें। ''अध्ययन अभिवृद्धि कार्यक्रम (स्मंतदपदह म्दींदबमउमदज च्तवहतंउउम)'' के तहत प्राथमिक कक्षाओं के लिए सुधारात्मक कक्षाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही, अध्यापक प्रशिक्षण कोर्सों के माध्यम से अध्यापकों की क्षमता बढ़ायी जा रही है।

61. स्कूल शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों, छात्रों और अन्य हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल टूल्स का लाभकारी उपयोग किया जा रहा है। इस लक्ष्य की दिशा में, विभाग ने स्कूल प्रशासन में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाने और प्रशासनिक तथा शैक्षणिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत एमआईएस पोर्टल विकसित किया है। शिक्षकों का न्यायोचित और मांग

आधारित वितरण सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा करने, अपने कर्मचारियों में निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कार्य के प्रति संतुष्टि के स्तर को बढ़ाने के लिए, एमआईएस आधारित ऑनलाइन शिक्षक स्थानांतरण नीति लागू की गई है। शिक्षक स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से 12843 पीजीटी और 22588 पीआरटी को स्थानांतरित किया गया है और इसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को सभी प्रोत्साहन, छात्रवृत्तियां और अन्य लाभ आधार से जुड़े खातों के माध्यम से दिये जा रहे हैं। लगभग सभी विद्यार्थियों का आधार कार्ड के लिए पंजीकरण किया जा चुका है।

62. भर्ती निकायों के माध्यम से नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, विभाग ने स्कूलों में अध्यापकों की तत्काल तथा अपरिहार्य कमी को दूर करने के लिए सेवानिवृत्त अध्यापकों की सेवाएं लेने के लिए 'सुगम शिक्षा' स्कीम बनाई है। इसी प्रकार, स्कूलों की सम्पूर्ण स्वच्छता में सुधार लाने के लिए स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक स्कूलों में 'स्वच्छ प्रांगण' योजना शुरू की है।

63. वर्ष 2016–17 के दौरान 33 राजकीय मिडल एवं हाई स्कूलों को वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों का दर्जा दिया गया और दो नए स्कूल भी खोले गए। इन सभी स्कूलों में कला, विज्ञान और वाणिज्य विषयों की शिक्षा की सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं और इन विषयों के लिए अध्यापकों के पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

64. सरकार उच्चतर शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। समाज के सभी वर्गों, विशेषकर जरूरतमंदों और महिलाओं तक उच्चतर शिक्षा की न्यायसंगत, सस्ती और सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विस्तार पर भी पर्याप्त बल दिया गया है।

65. मैं बजट अनुमान 2017–18 में शिक्षा (मौलिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा) के लिए 14005 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय का प्रस्ताव कर रहा हूँ, जोकि संशोधित बजट प्रावधान 2016–17 के 11825.67 करोड़ रुपये पर 18.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

तकनीकी शिक्षा

66. राज्य सरकार ने इंडरी (नूंह), मालब (नूंह), छपार (दादरी), मंडकोला (पलवल) और शेरगढ़ (कैथल) में पांच नए बहुतकनीकी संस्थानों का निर्माण किया है। इसके अलावा, गांव नीमका, (फरीदाबाद) में बहुतकनीकी संस्थान के साथ–साथ एक टूल

रूम/टैक्नालॉजी सेंटर चलाने के लिए लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

67. पंचकूला और रेवाड़ी में क्रमशः 38 करोड़ रुपये और 16.85 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से दो नए राजकीय बहुतकनीकी–सह–बहु कौशल विकास केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं।

68. राज्य सरकार ने सिलानी केशो, झज्जर और जैनाबाद, रेवाड़ी में दो नए इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए हैं। इन कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2017–18 से कक्षाएं शुरू होने की संभावना है। वर्ष 2017–18 में आईआईआईटी, सोनीपत और एनआईएफटी, पंचकूला का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

69. भारत सरकार ने ऐसे जिलों, जिनमें बहुतकनीकी संस्थान नहीं हैं या इनकी कमी हैं, में सात बहुतकनीकी स्वीकृत किए हैं और प्रत्येक के लिए 12.30 करोड़ रुपये की अनुदान स्वीकृत की है। चीका (कैथल) और लिसाणा (रेवाड़ी) में बहुतकनीकी स्थापित कर दिए गए हैं, हथनीकुंड (यमुनानगर), उमरी (कुरुक्षेत्र), जाटल (पानीपत) और धांगड़ (फतेहाबाद) में निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, तथा नानकपुर (पंचकूला) में कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय के बहु क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के तहत 10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सढ़ौरा, यमुनानगर में राजकीय बहुतकनीकी स्थापित किया जा रहा है।

70. मैं बजट अनुमान 2017–18 में तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 487.84 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ।

कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण

71. राज्य सरकार ने युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की तर्ज पर ''हरियाणा कौशल विकास मिशन'' शुरू किया है। इसके तहत हर वर्ष लगभग 1.15 लाख युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पलवल के दुधोला में विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है।

72. वर्ष 2017–18 में गांव नोहनी (अंबाला), घरौंडा (करनाल), राई (सोनीपत), इंद्री (करनाल), सतनाली (महेंद्रगढ़), सिकरोना (फरीदाबाद), मुशैदपुर (गुरुग्राम), खेवड़ा (सोनीपत), कादमा (भिवानी), सेहलंगा (महेंद्रगढ़), बराणा (पानीपत), पलवल, फरीदाबाद, हसनपुर (अंबाला) और जीवन नगर (सिरसा) में

15 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है । इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) स्कीम के तहत 5 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, टंकड़ी (रेवाड़ी), नलवा (हिसार), जुलाना (जींद), कलायत (कैथल) और मुंडलाना (सोनीपत) के विस्तार का भी प्रस्ताव है।

73. मैं बजट अनुमान 2017–18 में कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के लिए 487.39 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ।

खेल एवं युवा मामले

74. राज्य सरकार ने प्रदेश के युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा शारीरिक गतिविधियां और खेल नीति–2015 बनाई है। सभी गांवों और शहरों में योगशालाएं स्थापित करने के उद्देश्य से योग एवं योगशाला नामक एक नया कार्यक्रम शुरू किया गया है।

75. सरकार ने हरियाणा से ओलंपिक तथा पैरालंपिक खेलों में पदक विजेताओं और प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि में वृद्धि की है। ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपये एवं कांस्य पदक विजेता को 2.50 करोड़ और प्रत्येक प्रतिभागी को 15 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

76. मैं युवाओं से उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानने और राज्य एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी ऊर्जा का योगदान देने के लिए आगे आने का आग्रह करता हूँ। मैं बजट अनुमान 2017–18 में खेलों के लिए 535.36 करोड़ के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ, जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 के 336.49 करोड़ रुपये की तुलना में 59.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

सक्षम योजना

77. हरियाणा स्वर्ण जयंती के अवसर पर 1 नवंबर, 2016 को राज्य के शिक्षित युवाओं के लिए ''सक्षम युवा योजना'' नामक एक नई योजना शुरू की गई। इस योजना के तीन महत्त्वपूर्ण घटक – बेरोजगारी भत्ता, कौशल प्रशिक्षण और मानदेय हैं। योजना के तहत पंजीकृत पात्र स्नातकोत्तरों को 100 घंटे कार्य करने के एवज में 3000 रुपये प्रति माह की दर से बेरोजगारी भत्ता और 6000 रुपये प्रति माह की दर से मानदेय दिया जाएगा। इस प्रकार, वे

9,000 रुपये प्रति माह कमा सकते हैं। पात्र आवेदक, जिन्हें मानद कार्य नहीं सौंपा गया है, वे सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत

कौशल प्रशिक्षण में भाग लेंगे। योजना के प्रति आवेदकों का गहरा रूझान रहा है। 28 फरवरी, 2017 तक कुल 18624 आवेदक पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा चुके हैं और इनमें से पात्र आवेदकों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

आधारभूत संरचना

सड़कें

78. मजबूत बुनियादी ढांचा विकास का निर्माण खंड है। राज्य सरकार ने गत दो वर्षों के दौरान राज्य में 8,600 किलोमीटर लम्बी सड़कों के मजबूतीकरण, सुधार, चौड़ा करने और निर्माण पर लगभग 4,700 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कई वर्षों से अधर में लटका कुंडली–मानेसर–पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे परियोजना का कार्य शुरू किया गया है।

79. केन्द्र सरकार द्वारा अक्तूबर, 2014 से अब तक राज्य में कुल 505 किलोमीटर लम्बाई के चार नए राष्ट्रीय राजमार्गों के अतिरिक्त 469 किलोमीटर लम्बाई के मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों के सुधार की घोषणा की गई है। इसके अलावा, 703 किलोमीटर लम्बी 11 राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

80. सितंबर 2014 से अब तक, हरियाणा राज्य से गुजरने वाली 906 किलोमीटर लम्बी नौ अन्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है। केंद्र सरकार ने दिल्ली–अमृतसर–कटड़ा एक्सप्रेसवे वाया जींद की स्वीकृति दी है, जो राज्य में विकास का एक नया कॉरिडोर खोलेगी।

81. हरियाणा सरकार की पहल पर, भारत सरकार ने रायमलिकपुर (राजस्थान सीमा) नारनौल–महेंद्रगढ़–चरखी दादरी–भिवानी कॉरिडोर को चार लेन की परियोजना में शामिल किया है। कॉरिडोर को पांच पैकेजों में विभाजित करके इस परियोजना को ईपीसी मोड में क्रियान्वित किया जाएगा। खरक से भिवानी और भिवानी से चरखी दादरी तक दो पैकेजों को पहले ही 517.54 करोड़ रुपये के साथ स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और शेष तीन पैकेज स्वीकृति प्रक्रिया के तहत हैं। इन पैकेजों पर वर्ष 2017–18 के दौरान कार्य शुरू होने की संभावना है।

82. इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 21ए के लिए 140 करोड़ रुपये की राशि से पिंजौर बाईपास के निर्माण की परियोजना स्वीकृत की है।

83. हरियाणा सरकार ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से सेतु भारतम् योजना के तहत 346.69 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर 8

आरओबी (जींद में 2 और झज्जर, अंबाला शहर, रेवाड़ी, लोहारू, कैथल और पिंजौर में एक–एक) स्वीकृत करवाए हैं।

रेलवे

84. हरियाणा प्रदेश में नई रेल लाइने बिछाने और रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने हेतु एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन करके रेलवे नेटवर्क को सुधारने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा रेल मंत्रालय के साथ एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके लिए बजट में पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया जा रहा है।

85. जून, 2016 में सोनीपत से जींद तक एक नई रेलवे लाइन लोगों को समर्पित की गई। रोहतक–महम–हांसी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य भी हाथ में लिया गया है और इसके आगामी दो वर्षों में पूरा होने की संभावना है। हरियाणा सरकार ने इस रेलवे ट्रैक के निर्माण के लिए भूमि अधिगृहीत की है और रेलवे द्वारा इसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

86. हरियाणा सरकार ने रोहतक शहर में यातायात का दबाव कम करने के लिए 315 करोड़ रुपये की लागत से मौजूदा रोहतक–गोहाना ट्रैक को ऊपर उठाने की स्वीकृति प्रदान की है। वर्ष 2017–18 के दौरान कार्य शुरू होने की संभावना है।

87. गत 27 महीनों के दौरान, 558 करोड़ रुपये की लागत से 13 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) और 11 रेलवे अंडर ब्रिज(आरयूबी) का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। इस समय 21 आरओबी एवं आरयूबी का कार्य प्रगति पर है।

88. हरियाणा सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने हरियाणा में रेलवे सुविधाओं के निर्माण और सुधार के लिए 1217 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जोकि गत वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना है।

89. स्वीकृत परियोजनाओं में यमुनानगर से ज्योतिसर के बीच वाया कुरुक्षेत्र, लाडवा और रादौर 55 किलोमीटर लंबी लाइन और कैथल एवं पटियाला के बीच 65 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए सर्वेक्षण शामिल है। जींद और हांसी के बीच एक नई लाइन को मंजूरी दी गई है, जिसका निर्माण 900 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार के सहयोग से किया जाएगा। आने वाले समय में यह लाइन दक्षिणी एवं मध्य हरियाणा को उत्तरी हरियाणा एवं चण्डीगढ़ से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

बिजली एवं सौर ऊर्जा

90. राज्य सरकार सभी ग्रामीण और घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति प्रदान करने के लिए कृत–संकल्प है, जिसके लिए ''म्हारा गांव, जगमग गांव'' योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत, 165 गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। पंचकूला प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है, जहां सभी गांवों को भी 24 घंटे बिजली मिल रही है।

91. लाइन हानियों को कम करने और ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए प्रेरित करने हेतु सरचार्ज माफी योजना–2016 और स्वैच्छिक घोषणा योजना क्रियान्वित की गई है। इस योजना के बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहे हैं और लगभग 1.08 लाख उपभोक्ताओं ने इस योजना में भाग लिया और लगभग 400 करोड़ रुपये के बिलों का निपटान हुआ है।

92. गत दो वर्षों के दौरान, सम्प्रेषण एवं वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न क्षमताओं के 73 सब–स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 228 सब–स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है और 1300 किलोमीटर लम्बी बिजली लाइनें बिछाई गई हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा

93. सरकार ने कुछ श्रेणियों के भवनों के लिए सोलर रूफटॉप बिजली संयंत्र स्थापित करना अनिवार्य किया है, जो बिजली उत्पन्न करने के लिए उपलब्ध छतों का इस्तेमाल करने और उपभोक्ताओं के बिजली के बिलों को कम करने में मदद करेगा। अब तक, राज्य में 45 मेगावाट क्षमता की रूफटॉप सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित हुई हैं।

94. सरकार ने तीन चरणों में एक लाख सोलर आधारित होम सिस्टम प्रदान करने के लिए कुल 230 करोड़ रुपये की लागत से ''मनोहर ज्योति'' स्कीम शुरू की है।

95. राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा के माध्यम से किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 122 करोड़ रुपये की कुल लागत से एक योजना शुरू की है, जिसके तहत केन्द्र और राज्य सरकार की 90 प्रतिशत वित्तीय सहायता से किसानों को 2 हॉर्स पावर और 5 हॉर्स पावर के कुल 3050 सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम उपलब्ध करवाए गए हैं।

96. मैं वर्ष 2017–18 में गैर–परंपरागत ऊर्जा विभाग के लिए 112.50 करोड़ रुपये का आवंटन करता हूँ, जोकि गत वर्ष के 44.26 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान परिव्यय की तुलना में 154.18 प्रतिशत अधिक है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी

97. सरकार बस्तियों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्ष 2016–17 में, 263 बस्तियों की समस्त आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के विरूद्ध दिसम्बर, 2016 के अंत तक 157 बस्तियों को कवर किया जा चुका है। वर्ष 2017–18 में और 250 बस्तियों को यह लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव है।

98. सरकार जल आपूर्ति के स्तर को 55/70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन तक बढ़ाने के लिए गांवों में मौजूदा पेयजल आपूर्ति सुविधाओं को मजबूत करने पर बल दे रही है। यह कार्य अतिरिक्त नलकूप स्थापित करके, मौजूदा नहर आधारित जल घरों के संवर्धन एवं सृजन, बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण और मौजूदा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करके किया जाएगा।

99. वर्तमान में, नाबार्ड की वित्तीय सहायता से सात जिलों नामतः महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, हिसार, सिरसा, भिवानी, फरीदाबाद और पलवल में 359 गांवों और 62 ढाणियों में जल आपूर्ति की वृद्धि के लिए 750.29 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 11 परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

100. राज्य के सभी कस्बों में पाइप आधारित जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध करवाई गई है। 70 कस्बों में सीवरेज सुविधाएं प्रदान की जा चुकी हैं जबकि पांच कस्बों में सीवरेज सुविधाएं बिछाने का कार्य प्रगति पर है। शेष पांच कस्बों में अधिसूचना के उपरांत कार्य शुरू किया जाएगा।

101. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की वित्तीय सहायता के साथ चार कस्बों नामतः सोहना, नूंह, पटौदी और फारुख नगर में जलापूर्ति योजनाएं क्रियान्वित और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले तीन शहरों पटौदी, पुन्हाना और हथीन में सीवरेज सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

102. राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्यक्रम के तहत, सोनीपत और पानीपत शहरों में सीवरेज सुविधाओं के संवर्धन व सुधार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटस के निर्माण के लिए क्रमशः 88.36 करोड़ रुपये और 129.51 करोड़ रुपये लागत की दो परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

103. मैं 2017–18 में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लिए 3382.84 करोड़ रुपये का परिव्यय आबंटित करता हूँ जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 में 2906.52 करोड़ रुपये की तुलना में 16.39 प्रतिशत अधिक है।

परिवहन

104. सरकार हरियाणा के लोगों को सुरक्षित और सक्षम परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मार्च, 2017 के अंत तक बस बेड़े में बसों की संख्या को 4200 तक बढ़ाए जाने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संयोजिता में व्यापक सुधार आएगा। वर्ष 2017–18 में बस बेड़े में 5000 तक की वृद्धि होने की संभावना है। सरकार कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रति किलोमीटर स्कीम के आधार पर निजी बसों को किराये पर लेने पर भी विचार कर रही है। सरकार ने स्टेट कैरिज स्कीम 2017 अधिसूचित की है, जिससे निजी आप्रेटरों की बस उपलब्धता बढ़ने की संभावना है।

105. सरकार ने परिवहन विभाग में 2038 चालकों, 930 परिचालकों, 908 हैल्पर्स और स्टोर मैन के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है।

106. सरकार ने वर्ष 2016–17 में पायलट आधार पर अनेक नई पहल की हैं, जिनका वर्ष 2017–18 में बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। हरियाणा राज्य की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में इनमें परस्पर (i) हरियाणा राज्य परिवहन की सभी बसों में जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम शुरू करना, (ii) पास जारी करने और अग्रिम बुकिंग सहित हरियाणा राज्य परिवहन की सभी बसों में हस्तचालित इलैक्ट्रॉनिक टिकट इश्यूइंग मशीन शुरू करना और (iii) सभी प्रमुख बस अड्डों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना शामिल है।

107. वर्ष 2017–18 में, परिवहन विभाग के लिए 2459.70 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 में 2291.31 करोड़ रुपये के परिव्यय की तुलना में 7.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

शहरी विकास

108. माननीय प्रधानमंत्री की पहल पर, शहरी क्षेत्रों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर शहरों के रूपातंरण के लिए दो महत्त्वाकांक्षी योजनाएं नामतः ''स्मार्ट सिटी'' और ''अटल मिशन ऑफ रिजूवनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफोरमेशन''(अमरूत) क्रियान्वित की जा रही हैं।

109. राज्य सरकार ने वर्ष 2022 तक प्रत्येक परिवार के लिए अपना घर सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अनेक महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य में विभिन्न स्थानों पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 882.50 करोड़ रुपये की लागत से 11,259 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। लाइसेंसिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए एक नई एकीकृत लाइसेंसिंग नीति तैयार की गई है।

110. मैं शहरी विकास के लिए 4973.58 करोड़ रुपये के आबंटन का प्रस्ताव करता हूँ, जिसमें शहरी स्थानीय निकायों के लिए 3869.63 करोड़ रुपये और नगर एवं ग्राम आयोजना के लिए 1103.95 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह परिव्यय संशोधित अनुमान 2016–17 में 3408.16 करोड़ रुपये की तुलना में 45.93 प्रतिशत अधिक है।

उद्योग

111. उद्योग आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसर सृजित करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके मद्देनजर, सरकार ने नई उद्यम प्रोत्साहन नीति तैयार और क्रियान्वित की है, जिससे राज्य में उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है। गत एक वर्ष के दौरान 6.19 लाख करोड़ रुपये के निवेश के 407 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें से 86013 करोड़ रुपये के निवेश के 148 समझौते क्रियान्वयनाधीन हैं जिनसे राज्य में लगभग 1.60 लाख लोगों को रोज़गार मिलेगा।

112. वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के समय, हरियाणा ''ईज़ ऑफ डुइंग बिजनैस'' के मामले में भारत वर्ष में 14वें स्थान पर था। बहरहाल, नई उद्यम प्रोत्साहन नीति की घोषणा के एक वर्ष के भीतर अब देश के अग्रणी राज्यों में और उत्तर भारत में पहले स्थान पर है।

113. वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में 12,725 लघु और 266 मध्यम एवं बड़े उद्योग स्थापित हुए हैं। 16,780 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इन उद्योगों ने 1.70 लाख लोगों को रोजगार प्रदान किया है।

114. उद्यम या औद्योगिक मंजूरी प्रदान करने वाले सभी विभागों को संपर्क के एक बिंदु के साथ एक ही छत के नीचे लाने के उद्देश्य से हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन केंद्र स्थापित किया गया है। इस केंद्र से निवेशकों एवं उद्यमियों को पारदर्शी रूप से सहज और परेशानी मुक्त सेवाएं उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

115. मैं बजट अनुमान 2017–18 में, उद्योग और खनिज विभाग के लिए 399.88 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 के 366.99 करोड़ रुपये की तुलना में 8.96 प्रतिशत अधिक है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी

116. हरियाणा राज्य ने अपने विज़न को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थात (i) प्रत्येक नागरिक की उपयोगिता के रूप में डिजिटल अवसंरचना, (ii) मांग पर शासन एवं सेवाएं और (iii) नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण के साथ जोड़ा है।

117. सरकार और निजी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रदेशभर में आईसीटी आधारित अटल सेवा केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 3600 से अधिक अटल सेवा केन्द्र और 134 ई–दिशा केंद्र पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं।

118. राज्य में 2015 की आबादी के आधार पर शत–प्रतिशत आधार नामांकन हुआ है। वृद्धों, निशक्तों, स्थाई रूप से चलने–फिरने में असमर्थ(शय्याग्रस्त) नागरिकों के लिए मोबाइल वैन के माध्यम से विशेष आधार नामांकन अभियान चलाया गया। शून्य से पांच वर्ष की आयु वर्ग के आधार नामांकन के लिए 400 टैबलेट खरीदे गये हैं और 5 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के लिए 500 आधार नामांकन किट्स खरीदी जा रही हैं।

119. माननीय उपाध्यक्ष महोदया, मैं इस सम्मानित सदन को यह बताना चाहूंगा कि राज्य सरकार ने ई–गवर्नेंस में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वे हैं :–

- नई पेंशन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) पुरस्कार
- हरियाणा वित्तीय प्रबंधन प्रणाली(ई–ग्रास) के ई–स्टेम्पिंग एप्लीकेशन के साथ एकीकरण के लिए सीएसआई निहिलेंट अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, 2016
- ई–ग्रास का ई–स्टेम्पिंग के साथ एकीकरण के लिए स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट, 2016
- स्कॉच द्वारा ई–टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) के लिए ऑर्डर ऑफ मेरिट
- समग्र वेब उपस्थिति के लिए हरियाणा स्टेट फार डिजिटल इंडिया–सिल्वर मैडल, एमईआईटीवाई, भारत सरकार

- गुरुग्राम जिला के राजस्व रिकार्ड का जीआईएस के साथ एकीकरण के जी–ट्रायंगुलेशन प्रोजेक्ट के लिए राष्ट्रीय ई–शासन पुरस्कार।

120. राज्य नागरिक डाटाबेस (एसआरडीबी) के तहत, आधार कोष के लिए लगभग 1.58 करोड़ नागरिकों का रिकॉर्ड एकत्रित किया गया है। विकसित नागरिक डाटा का इस्तेमाल भारत सरकार की परिकल्पना के अनुरूप लाभ प्रबंधन के लिए किया जा रहा है। आंकड़ों के आदान–प्रदान के लिए विभिन्न विभागों की 29 ई–सेवाओं को एसआरडीबी के साथ एकीकृत किया गया है। एसआरडीबी की मदद से केरोसीन सब्सिडी, सामाजिक पेंशन और छात्रवृत्तियां प्राप्त कर रहे अपात्र लाभार्थियों के नाम हटाए गए हैं, जिससे राज्य के लिए काफी बचत हुई है।

121. मैं बजट अनुमान 2017–18 में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के लिए 125.56 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ, जोकि संशोधित अनुमान 2016–17 के 88.69 करोड़ रुपये की तुलना में 41.57 प्रतिशत अधिक है।

पर्यटन और संस्कृति

13:00 बजे

122. राज्य सरकार भौतिक विकास की आवश्यकता के साथ–साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने की अपनी जिम्मेदारी के प्रति भी सचेत है। इस दिशा में, राज्य ने दिसंबर, 2016 में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया। सरकार सिंधु दर्शन, मानसरोवर यात्रा और गुरु दर्शन यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है।

123. भारत सरकार ने कृष्ण सर्किट के तहत कुरुक्षेत्र की पहचान एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य स्थल के रूप में की है। इसके लिए राज्य द्वारा ब्रह्म सरोवर, ज्योतिसर, नरकातारी, सन्निहित सरोवर का विकास किया जा रहा है और शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। राज्य ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत रेवाड़ी–महेंद्रगढ़–माधोपुर के लिए टूरिज़म इन्फ्रास्ट्रक्चर हैरिटेज सर्किट विकसित करने की पेशकश भी की है।

124. राज्य सरकार हरियाणा को एक फिल्म निर्माण–अनुकूल राज्य बनाने के लिए शीघ्र ही एक फिल्म नीति की घोषणा करेगी।

125. मैं 2017–18 में इन परियोजनाओं को शुरू करने हेतु पर्यटन के लिए 72.14 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ।

अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग एवं वृद्धों का कल्याण

126. आधुनिक भारत के महान दार्शनिक, राजनीतिज्ञ पंडित दीन दयाल उपाध्याय, जिन्होंने ''एकात्मक मानव दर्शन'' एवं ''अंत्योदय'' के सिद्धांत प्रतिपादित किये, का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। सरकार उनके सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने श्रमिकों, मजदूरों, गरीबों और अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों से संबंधित लोगों, महिलाओं एवं वृद्धों के कल्याण एवं उत्थान के लिए नए कदम उठाए हैं।

127. मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत, गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे अनुसूचित जाति के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये की वित्तीय सहायता जबकि समाज के सभी वर्गों की विधवाओं को उनकी बेटियों के विवाह के अवसर पर 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। ''मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना'' के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1.01 लाख रुपये किया गया है।

128. डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना के तहत, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार 8,000 रुपये से लेकर 12,000 रुपये तक की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

129. हरियाणा दिवस, 1 नवम्बर, 2016 से वृद्धों और दिव्यांगों तथा विधवाओं की पेंशन बढ़ाकर 1600 रुपये प्रति माह की गई है। स्कूल नहीं जाने वाले दिव्यांगों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 700 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रति माह की गई है।

130. मैं वर्ष 2017–18 के लिए, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के लिए 736.84 करोड़ रुपये और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के लिए 4875.47 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ जोकि 2016–17 के संशोधित अनुमान से क्रमशः 7.4 प्रतिशत और 16 प्रतिशत अधिक है।

महिला बाल विकास

131. राज्य में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न समुदायों और सामाजिक संगठनों को एक ही मंच पर लाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। वर्तमान सरकार के प्रयासों और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप लिंगानुपात (जन्म के समय) में काफी सुधार हुआ है जो

2011 में केवल 830 की तुलना में दिसंबर, 2016 तक 900 के स्तर तक पहुंच गया है।

132. मैं 2017–18 में, महिला एवं बाल विकास के लिए 1247.24 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव करता हूँ जो कि संशोधित अनुमान 2016–17 में 1009.66 करोड़ रुपये की तुलना में 23.53 प्रतिशत अधिक है।

जिला योजना स्कीम

133. इस योजना के तहत जिलों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, बिजली, सड़कों, सामुदायिक भवनों एवं खेल आदि के क्षेत्र में व्यापक विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। मैं 2017–18 के लिए इस योजना के तहत 400 करोड़ रुपये आबंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ।

सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का कल्याण

134. हरियाणा राज्य के लगभग 2.50 लाख कर्मचारियों को केन्द्र सरकार की तर्ज पर सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ 1 जनवरी, 2016 से देने वाले पहले कुछ राज्यों में से एक है। सरकार ने स्वीकृत सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्य के पेंशनरों की पेंशन में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे लगभग 2.25 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। कर्मचारियों और पेंशनरों को बकाया राशि का भुगतान करने के लिए बजट 2016–17 में पहले ही पर्याप्त प्रावधान किया गया है।

135. हरियाणा ने अपने पुलिस कर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश की शुरूआत की है। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर, सरकार ने होम गार्ड कर्मियों का मानदेय 300 रुपये प्रति दिन से बढ़ाकर 572 रुपये प्रति दिन किया है, जो पुलिस कांस्टेबल के न्यूनतम वेतन के बराबर है और इससे 5000 होम गार्ड लाभान्वित हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 11,000 सफाई कर्मियों का न्यूनतम वेतन भी 10,000 रुपये तक बढ़ाया गया है। सरकार ने 1 जनवरी, 2017 से अनुबंध कर्मचारियों के वेतन में 14.29 प्रतिशत की वृद्धि करने का भी निर्णय लिया है। इन वृद्धियों से सरकारी खजाने पर लगभग 2500 करोड़ रुपये वार्षिक का कुल वित्तीय भार पड़ेगा।

भूतपूर्व सैनिकों के लिए नया विभाग

136. यह गर्व की बात है कि देश में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है। राज्य सरकार रक्षा कर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हम शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के लिए सदा उनके ऋणी रहेंगे।

बहरहाल, उनके बलिदान के सम्मान और उनके प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के उद्देश्य से, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए एक स्वतंत्र ''सैनिक और अर्ध सैनिक कल्याण विभाग'' स्थापित किया गया है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपये और राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून में पढ़ रहे कैडेट्स को दी जाने वाली छात्रवृत्ति बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति वर्ष की गई है।

137. अम्बाला में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का युद्ध स्मारक स्थापित किया जा रहा है, जो युवाओं में सर्वोच्च बलिदान और सेवा की भावना जागृत करेगा।

138. सरकार ने वित्त वर्ष 2017–18 से भूतपूर्व सैनिकों, सैनिकों और अर्धसैन्य बलों के आश्रितों के लिए संघ लोक सेवा आयोग, हरियाणा लोक सेवा आयोग, बैंकिंग सेवाओं जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोर्सों की विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग की एक नई योजना शुरू करने का प्रस्ताव किया है।

केरोसीन मुक्त राज्य

139. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत, सामाजिक–आर्थिक जाति जनगणना 2011 सर्वेक्षण के आधार पर बीपीएल परिवारों की महिलाओं के नाम रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शन दिए जा रहे हैं। ऐसे बीपीएल परिवारों को 1,600 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

140. प्रथम चरण में 1 नवंबर, 2016 तक आठ जिलों नामतः अम्बाला, गुरुग्राम, झज्जर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, पंचकुला और यमुनानगर को केरोसीन मुक्त किया गया है और 31 मार्च, 2017 तक समस्त राज्य को केरोसीन मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

141. लोगों विशेषकर, युवाओं में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता के सहयोग से सोनीपत में एक साईंस सिटी और अम्बाला में एक सब रीज़नल साईंस सेंटर स्थापित करने की योजना है। मैं वर्ष 2017–18 में इस कार्य के लिए 80 करोड़ रुपये आबंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ।

वस्तु एवं सेवा कर

142. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देश में एक प्रमुख कराधान सुधार है, जोकि एक राष्ट्रव्यापी आईटी प्रेरित समान अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है और इसके 1 जुलाई, 2017 से लागू होने की संभावना है। यह समान कराधान कानून देशभर में विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के बीच वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति को परेशानीमुक्त बनाएगा। यह कर सुधार ''एक राष्ट्र एक कर'' की अवधारणा को भी साकार करेगा।

143. राज्य सरकार वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को क्रियान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार जीएसटी कानून बनाने के लिए जीएसटी परिषद् के साथ सक्रिय रूप से सम्पर्क में रही है। मैं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी की अध्यक्षता में गठित जीएसटी परिषद् को सभी विवादास्पद मुद्दों पर सर्वसम्मति से प्रगतिशील निर्णय पर पहुंचने के लिए बधाई देता हूँ। हरियाणा प्रदेश जीएसटी के क्रियान्वयन के लिए आईटी आधारभूत संरचना के विकास के मामले में मॉडल–। राज्य है। आबकारी एवं कराधान विभाग ने आवश्यक सॉफ्टवेयर के विकास और हार्डवेयर के नियोजन के लिए पहले ही एक सिस्टम इंटिग्रेटर को नियुक्त कर लिया है। विभाग के सभी अधिकारियों को जीएसटी प्रावधानों के संबंध में उचित रूप से प्रशिक्षित किया गया है। वर्तमान में, राज्य में वैट के तहत मौजूदा डीलरों को जीएसटी के तहत लाने की प्रक्रिया चल रही है।

144. वित्त वर्ष 2017–18 की प्रथम तिमाही में वैट से लगभग 8500 करोड़ रुपये का राजस्व और दूसरी से चौथी तिमाही में जीएसटी से लगभग 22000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है, जोकि 2016–17 के संशोधित अनुमान पर 15.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा, राज्य आबकारी शुल्क से 6100 करोड़ रुपये, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन फीस से 3900 करोड़ रुपये और वाहनों पर कर से 2400 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की सम्भावना है।

कर प्रस्ताव

145. माननीय उपाध्यक्ष महोदया, मेरा वित्त वर्ष 2017–18 के इन बजट अनुमानों में हरियाणा मूल्य वर्धित कर (एचवीएटी) अधिनियम, 2003 के तहत करों की वर्तमान दरों में कोई बदलाव करने या कोई नया कर लागू करने के प्रस्ताव का कोई इरादा नहीं है। वास्तव में, राज्य सरकार ने बायो डीजल (बी–100) और सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना में इस्तेमाल होने वाले सोलर उपकरणों एवं कलपुर्जों को वैट से छूट देकर कर मुक्त करने का निर्णय लिया है।

क्षेत्रवार आवंटन का पुनः अवलोकन

146. माननीय उपाध्यक्ष महोदया, अब मैं वित्त वर्ष 2017–18 के लिए क्षेत्रवार आवंटन के बारे बताना चाहूंगा। कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों (सिंचाई, सहकारिता और ग्रामीण विद्युतीकरण सब्सिडी सहित) को 12,784.72 करोड़ रुपये मिलने प्रस्तावित हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायत के लिए 4963.09 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित है। शिक्षा क्षेत्र (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर, तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण, खेल, कला और संस्कृति सहित) के लिए 15546.65 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 3839.90 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव किया गया है। उद्योग एवं खनिज विकास के लिए 399.88 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास और अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए 6859.55 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। बिजली क्षेत्र के लिए 12,685.71 करोड़ रुपये, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के लिए 3382.84 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 4973.58 करोड़ रुपये और जिला योजना के लिए 400 करोड़ रुपये आबंटित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। परिवहन क्षेत्र के लिए 2549.81 करोड़ रुपये के आबंटन का प्रस्ताव है। भवन एवं सड़क क्षेत्र के लिए 3827.70 करोड़ रुपये आबंटित करने का प्रस्ताव किया गया है। **(इस समय माननीय अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए।)**

147. किसी भी प्रयास की सफलता समाज के वंचित वर्गों के लिए उपलब्ध करवाए गए लाभों से आंकी जाती है। मैंने 2017–18 में एससीएसपी घटक के तहत अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए विशेष रूप से 7230 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया है जोकि विकासात्मक योजनाओं के 35885 करोड़ रुपये के परिव्यय का 20.15 प्रतिशत है।

148. माननीय अध्यक्ष महोदय, इस बजट में ग्रामीण विकास के प्रति एक सकारात्मक पूर्वाग्रह के साथ ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने और ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारने के लिए कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों तथा निजी क्षेत्र के उद्यमों में और अधिक रोजगार के अवसर सृजित करना एक अन्य प्राथमिकता है।

निष्कर्ष

149. माननीय अध्यक्ष महोदय, बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप देते समय मैंने ''सबका साथ–सबका विकास'' के सिद्धान्त के अनुसार हमारे प्रगतिशील राज्य के समाज के सभी वर्गों के हितों को संतुलित करने का प्रयास किया है। कहने की आवश्यकता नहीं की, आम जनता के लिए विकास के एजेंडे के मामले में सबको एक साथ लेकर चलना वर्तमान सरकार की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है। मैं इस गरिमामय सदन के सभी सदस्यों का मेरा बजट अभिभाषण बड़े ध्यान व धैर्य से सुनने के लिए तथा आपके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही, आप सबसे हरियाणा को चहुंमुखी विकास, समृद्धि और लोगों की भलाई के मामले में नई ऊचाइयों पर ले जाने के लिए राजनैतिक एवं वैचारिक मतभिन्नता से ऊपर उठकर इस पर चर्चा एवं विचार–विमर्श करने और मेरे बजट प्रस्ताव को अंगीकार करने का आग्रह करता हूँ।

150. मैं यह आशा करता हूँ कि यह बजट प्रस्ताव आचार्य चाणक्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' में लोक कल्याणकारी राज्य के सूत्र पर आधारित होकर हरियाणा के प्रत्येक नागरिक के सुख एवं कल्याण का कारण बनेंगे। यह सूत्र इस प्रकार है :

सुखस्य मूलं धर्मः
धर्मस्य मूलं अर्थः
अर्थस्य मूलं राज्यं
राज्यस्य मूलं इन्द्रिय जयः
इन्द्रियाजयस्य मूलं विनयः
विनयस्य मूलं वृद्धोपसेवः

(सुख का मूल धर्म है, धर्म का मूल अर्थ है, अर्थ का मूल सुराज है, सुराज का मूल इन्द्रिय विजय है, इन्द्रीय विजय का मूल विनय है और विनय का मूल वृद्धों एवं आश्रितों की सेवा है।)

151. माननीय अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ अब मैं वर्ष 2017–18 के बजट अनुमानों को इस सदन के विचारार्थ और अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

वंदे मातरम् !

जय हिन्द!

.....

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब सदन मंगलवार, दिनांक 07 मार्च, 2017 प्रातः 10.00 बजे (प्रथम बैठक) तक के लिए *स्थगित किया जाता है।

* 13.21 बजे

(तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 07 मार्च, 2017 प्रातः 10.00 बजे (प्रथम बैठक) तक के लिए *स्थगित हुई।)